राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

फरीदाबाद की आवाज़

Email : faridabadkiawaz@gmail.com

RNI No. -DELHIN/2017/76338

वर्ष : 07 अंक : 07 दिल्ली से प्रकाशित सोमवार 15-21 जनवरी 2024 Website : faridabadkiawaz.com मूल्य : 5/- रु. पृष्ठ : 8

देश की आवाज़

राष्ट्रीय लक्ष्यों के लिये मिलती है आध्यात्मिक जगत के लोगों से ऊर्जा : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत को एक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लक्ष्य सिद्ध करने के प्रयासों को आध्यात्मिक जगत के लोगों से ऊर्जा मिलती है।

श्री मोदी चारण समाज द्वारा पूज्य आई श्री सोनल मां के तीन दिवसीय जन्म शताब्दी महोत्सव के उपलक्ष्य में एक वीडियो संदेश में कहा, ÷आज जब भारत विकसित होने के लक्ष्य पर, आत्मनिर्भर होने के लक्ष्य पर काम कर रहा है, तो आई श्री सोनल मां की प्रेरणा, हमें नयी ऊर्जा देती है। इन लक्ष्यों की प्राप्ति में चारण समाज की भी बड़ी भूमिका है।÷

यह महोत्सव इस समाज के आस्था के केंद्र मढड़ा धाम में आयोजित किया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री सोनल मां देश के लिये, चारण समाज के लिये, माता सरस्वती के सभी उपासकों के लिये महान योगदान की महान प्रतीक हैं। भागवत पुराण जैसे ग्रन्थों में चारण समाज को सीधे श्रीहरि की संतान कहा गया है। इस समाज पर माँ सरस्वती का विशेष आशीर्वाद भी रहा है। इसीलिये, इस समाज में एक से एक विद्वानों ने परंपरा

अविरत चलती रही है।

श्री मोदी ने कहा कि सोनल मां के दिये गये 51 आदेश, चारण समाज के लिये दिशादर्शक और पथदर्शक हैं। चारण समाज को इसे याद रखना चाहिये और समाज में जागृति लाने का काम निरंतर जारी रखना चाहिये। उन्होंने कहा, ÷ मुझे बताया गया है कि, सामाजिक समरसता को मजबूत करने के लिये मढड़ा धाम में सतत सदाव्रत का यज्ञ भी चल रहा है। उन्होंने इस प्रयास की सराहना की और विश्वास जताया कि मढड़ा धाम राष्ट्र निर्माण के ऐसे अनगिनत अनुष्ठानों को गति देता रहेगा।

चारण समाज के लोग मूलतः गुजरात-सौराष्ट्र क्षेत्र के निवासी हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, ÷ गुजरात और

सौराष्ट्र की धरती महान संतों और विभूतियों की भूमि रही है। सौराष्ट्र की इस सनातन संत परंपरा में श्री सोनल मां आधुनिक युग के लिये प्रकाश स्तम्भ की तरह थीं। उनकी आध्यात्मिक ऊर्जा, उनकी मानवीय शिक्षायें, उनकी तपस्या, इससे उनके व्यक्तित्व में एक अद्भुत दैवीय आकर्षण पैदा होता था। उसकी अनुभूति आज भी जूनागढ़ और मढड़ा के सोनल धाम में की जा सकती है।÷

उन्होंने कहा कि श्री सोनल मां की ओजस्वी वाणी खुद इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण

रही है। उन्हें पारंपरिक पद्धति से कभी शिक्षा नहीं मिली, लेकिन, संस्कृत भाषा उस पर भी उनकी अद्भुत पकड़ थी तथा शास्त्रों का उन्हें गहरा ज्ञान प्राप्त था। उनके मुख से जिसने भी रामायण की मधुर कथा सुनी, वो कभी नहीं भूल पाया।

प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में अयोध्या में रामजन्म भूमि मंदिर का भी उल्लेख किया । उन्होंने कहा, 'हम सब कल्पना कर सकते हैं कि आज जब अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होने जा रहा है, तो श्री सोनल मां कितनी प्रसन्न होंगी।÷

उन्होंने श्रीराम मंदिर में रामलला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन 22 जनवरी को सभी से हर घर में श्रीराम ज्योति प्रज्वलित करने का का आग्रह।

श्री मोदी ने मंदिरों में स्वच्छता के लिये कल से शुरू किये गये विशेष अभियान का भी उल्लेख किया। इस दिशा में भी हमें मिलकर काम करने का आह्वान किया । उन्होंने

कहा, मुझे विश्वास है, हमारे ऐसे प्रयासों से श्री सोनल मां की खुशी अनेक गुणा बढ़ जायेगी।

समारोह में समाज की वर्तमान आध्यात्मिक मुखिया गादीपति- कंचन मां धाम के व्यवस्थापक गिरीश आपा और समाज के बड़ी संख्या में आये लोग शामिल थे।

सम्पादकीय

हिंसक भीड़ के मायने

दिनेश शर्मा

विपक्ष अक्सर तानाशाही शासन की बात करता रहता है। उसे लोकतंत्र और संविधान बचाने की घोर चिंता है, जबकि दोनों ही बेहद सुरक्षित हैं। विपक्ष प्रधानमंत्री मोदी के कालखंड को 'अघोषित आपातकाल' करार देता रहा है। विपक्षी नेता और मुख्यमंत्री प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन नोटिसों को खारिज कर रहे हैं। विपक्ष की शिकायत है कि मोदी सरकार जांच एजेंसियों को, विपक्षी नेताओं के खिलाफ, एक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही है, जबकि सत्ता-पक्ष के कई केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों पर घोटालों के गंभीर आरोप हैं। ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग उन पर छापे की कार्रवाई नहीं कर सकते। मोदी सरकार विपक्षी नेताओं को जेल में डाल कर उन्हें चुनाव प्रचार से वंचित रखना चाहती है, ताकि भाजपा-एनडीए एक और बार जीत कर केंद्र में सरकार बना सकें। बेशक इन आरोपों की अपनी तार्किकता है, लेकिन सर्वोच्च अदालत ने विपक्ष की सामूहिक दलीलों को खारिज कर दिया था कि जांच एजेंसियां विपक्ष को प्रायोजित मामलों में फंसा रही हैं।

दरअसल यह आम चुनाव, 2024 का दौर है। चुनाव बेहद करीब हैं, लिहाजा विपक्षी गठबंधन भी मंथन और विमर्श कर रहा होगा कि राजनीति, नीति-निर्माण और शासन का कौनसा मॉडल मतदाताओं के सामने प्रस्तुत किया जाए! यह सवाल भी उसके विचारार्थ होगा कि कानून का राज उचित है अथवा भीड़ को एक हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जाए? हिंसक भीड़ को संरक्षण देना और उसे कानून के राज से बचाना क्या संवैधानिक है? पश्चिम बंगाल के उत्तरी 24 परगना क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस पार्टी के जिस नेता के भडक़ाने और उकसाने पर भारी भीड़ ने ईडी के अफसरों पर जानलेवा हमला किया, क्या 'भीड़ के शासन' वाले मॉडल की यही व्यवस्था देश में होनी चाहिए? वह गुंडागर्दी कराने वाला नेता आज कहां है? राज्य की पुलिस ने क्या कार्रवाई की है?

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खामोश और निरुत्तर क्यों हैं? ममता ने खुद हिंसक राजनीति के दंश झेले हैं, जानलेवा हमलों का मुकाबला किया है, नतीजतन बंगाल ने उन्हें सत्ता का लगातार जनादेश दिया है। सवाल है कि उनके शासन में भी वही रक्तपात क्यों किया जा रहा है, जिसे झेलकर वह मुख्यमंत्री के पद तक पहुंची हैं? बंगाल में हिंसक टकराव और हमले बार-बार देखे जाते रहे हैं। चाहे पंचायत के चुनाव हों या घोटालों की जांच के लिए एजेंसियों के छापों की कार्रवाई हो, स्थानीय समर्थकों की भीड़ खून का नंगा नाच करती है। क्या ममता ऐसी कानून-व्यवस्था की पक्षधर हैं? वह अक्सर लोकतंत्र, संविधान, संघीय ढांचे का चीत्कार करती रही हैं। कितना खोखला विरोधाभास है? बीते शुक्रवार को ईडी की टीम ने तृणमूल नेता शाहजहां शेख के घर पर छापा मारना था। शेख पर करोड़ों रुपए के राशन घोटाले का आरोप है। उसने गरीबों का अन्न छीना है। उसके वफादार समर्थकों ने टीम का रास्ता रोका, वाहनों पर हमला किया,

गंगासागर जा रहे उत्तर प्रदेश के 3 साधुओं को बंगाल में भीड़ ने पीटा

कोलकाता। उत्तर प्रदेश से पश्चिम बंगाल के गंगासागर मेले के लिए जा रहे तीन साधुओं को गुरुवार की शाम को भीड़ ने पीटा। यह घटना पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में हुई। साधुओं के अपहरणकर्ता होने का संदेह पर उनकी पिटाई कर दी। साधुओं के साथ जा रहे एक व्यक्ति और उसके दो बेटों ने मकर संक्रांति त्योहार के लिए गंगासागर पहुंचने के लिए एक गाड़ी किराए पर लिया था। जैसे ही उन्होंने रास्ते के बारे में पूछताछ की तो कुछ स्थानीय लोगों को संदेह हुआ। इसके बाद उत्तेजित भीड़ ने उन पर अपहरण का आरोप लगाया। उन्होंने साधुओं के साथ मारपीट की। साधुओं ने तीन किशोर लड़कियों से रास्ते के बारे में पूछा। इसके बाद वे चिल्लाई और वहां से भाग गईं। यह देख स्थानीय लोगों ने साधुओं को पकड़ लिया और उनके साथ मारपीट की। घटनास्थल के एक वीडियो में भीड़ को पुलिस वाहन में तोड़फोड़ करते हुए भी देखा जा सकता है। मामला बढ़ने पर स्थानीय पुलिस ने हस्तक्षेप किया और साधुओं को बचाया। पुलिस उन्हें लेकर काशीपुर पुलिस स्टेशन पहुंची। घटना पर टिप्पणी करते हुए पुरुलिया के पुलिस अधीक्षक अभिजीत बनर्जी ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। पुलिस ने यह भी कहा कि हमले में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने यह भी कहा कि साधु रास्ता भटक गए थे और दो लड़कियों से उन्होंने रास्ता पूछा। उन्होंने बताया कि लड़कियां डर गईं और भाग गईं, जिससे स्थानीय लोगों ने अनुमान लगाया कि साधुओं ने लड़कियों को परेशान किया होगा। उन्होंने कहा कि बाद में साधुओं के लिए गंगासागर मेले के लिए गाड़ी की व्यवस्था की गई।

दिव्या पाहुजा हत्याकांडः

आखिरकार मिल गई मॉडल की लाश, गुरुग्राम पुलिस ने यहां से की बरामद

गुरुग्राम। दिव्या पहुजा हत्याकांड में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पिछले कई दिनों से दिव्या का शव तलाश रही पुलिस ने आखिरकर शव बरामद कर लिया है। पंजाब पुलिस ने एनडीआरएफ की मदद से दिव्या का शव हरियाणा के टोहाना नहर से बरामद किया है। दिव्या पहुजा के शरीर पर बने टैटू से शव की पहचान की गई। इसके अलावा शव की तलाश के लिए गुरुग्राम पुलिस के 100 से ज़्यादा जवान सर्च अभियान में जुटे हुए थे। डीसीपी क्राइम विज प्रताप ने बताया की शनिवार सुबह हरियाणा के ज़िले फतेहाबाद के टोहाना में पंजाब से आ रही भाखरा नहर से शव को बरामद किया गया है। वही बलराज गिल आज रात तक गुरुग्राम पहुंचने की उम्मीद है। पुलिस ने

दिव्या की हत्या के 11 दिन बाद शव ढूंढ निकाला है। शव की तलाश के लिए एनडीआरएफ की 25 सदस्यों की टीम पटियाला पहुंची थी। लेकिन उसका शव हरियाणा के टोहाना नहर से बरामद हुआ। शव बरामद होने के बाद पुलिस ने उसकी तस्वीर दिव्या के परिवार वालों को भेजी जिसे देखकर उन्होंने शव की शिनाख्त की।

बलराज गिल से पूछताछ के बाद बरामद हुआ शव–बता दें, 2 जनवरी को गुरुग्राम के द सिटी पॉइंट होटल में दिव्या की गोलीमार कर हत्या कर दी गई थी। उसके बाद से ही गुरुग्राम क्राइम ब्रांच की 6 टीमें शव को ढूंढने में लगी थीं। हाल ही में दिव्या के शव को ठिकाने लगाने वाले आरोपी बलराज गिल को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया था। बलराज से पूछताछ के बाद ही पुलिस दिव्या का शव बरामद कर पाई। उसने ही पुलिस को बताया कि उसने दिव्या का शव हरियाणा के टोहाना नहर में फेंका था। दिव्या की हत्या करने वाला अभिजीत पहसे से ही पुलिस की गिरफ्त में है। उसने ही दिव्या के शव को ठिकाने लगाने का काम बलराज गिल को सौंपा था। बलराज गिल को उस वक्त गिरफ्तार किया गया जब वो देश छोड़कर भागने की तैयारी कर रहा था। गुरुग्राम एसीपी (क्राइम) वरुण दहिया ने कहा कि बलराज गिल को कोलकाता एयरपोर्ट से कस्टडी में लिया गया। वो पटियाला के बस स्टैंड पर गाड़ी लगाने के बाद फरार हो गया था। उसका एक और साथी रवि बंगा अभी भी फरार है।

गणतंत्र दिवस की परेड रिहर्सल के चलते कई रास्ते बंद, ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस को लेकर तैयारियां जारी है। सुरक्षा व्यवस्था के खास इंतजाम किए जा रहे हैं। कर्तव्यपथ पर होने वाली परेड के लिए भी रिहर्सल जारी है। ऐसे में रिहसर्स को देखते अगले 4 दिनों के लिए कुछ रास्तों पर जाने से बचने की सलाह दी गई है। इसे लेकर दिल्ली पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी भी जारी की है। एडवाइजरी के मुताबिक गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल कर्तव्य पथ पर शनिवार, रविवार, सोमवार और मंगलवार को विजय चौक से इंडिया गेट तक की जाएगी. ऐसे में किसी भी परेशानी से बचने के लोगों को इन रास्तों से बचने की सलाह दी गई है। इसमें कहा गया है कि कर्तव्यपथ पर परेड की रिहर्सल की वजह से सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक कर्तव्यपथ-रफ़ी मार क्रॉसिंग, कर्तव्यपथ-जनपथ क्रॉसिंग, कर्तव्यपथ-मान सिंह रोड क्रॉसिंग और कर्तव्यपथ-सी-हेक्सागोन पर यातायात प्रतिबंधित होगा।इ समें कहा गया है कि विजय चौक से इंडिया गेट तक कर्तव्य पथ भी यातायात के लिए बंद रहेगा। ये एडवायजरी शनिवार से लेकर मंगलवार तक के लिए जारी की गई है।

इन रास्तों पर भी मिल सकता है भारी जाम

एडवाइजरी में कहा गया है कि रिहर्सल के दौरान मान सिंह रोड, जनपथ, मौलाना आजाद रोड, रेल भवन चौराहा, राजेंद्र प्रसाद रोड, विंडसर प्लेस चौराहा, सुनहरी मस्जिद चौराहा, रफी मार्ग, एमएलएनपी चौराहा, एमएलएनएम, क्यू प्वाइंट, सी-हेक्सागन, जसवंत सिंह चौराहा और अशोक रोड पर भी भारी जाम देखने को मिल सकता है।

शराब घोटाले में ईडी ने अरविंद केजरीवाल को भेजा चौथा समन, 18 को पूछताछ के लिए बुलाया

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को चौथी बार समन भेज दिया है। ईडी ने इस ताजा समन में केजरीवाल को 18 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे पहले केजरीवाल और उनकी पार्टी ने ईडी के इन तीनों समन को गैरकानूनी बताते हुए दरकिनार कर दिया था। एचटी ने 4 जनवरी को रिपोर्ट दी थी कि ईडी मुख्यमंत्री को फिर से समन जारी करेगा, लेकिन समन की बार-बार अवहेलना के कारण मामले में उनकी जांच प्रभावित हो रही है। ईडी के तीसरे समन के जवाब में, जिसे उन्होंने अवैध बताया था, केजरीवाल ने कहा था कि वह सहयोग करने के लिए तैयार हैं, लेकिन एजेंसी का इरादा उन्हें गिरफ्तार करना और चुनाव प्रचार करने से रोकना था। एजेंसी ने कहा है कि वह नीति के निर्माण, इसे अंतिम रूप देने से पहले हुई बैठकों और

रिश्वतखोरी के आरोपों पर केजरीवाल से पूछताछ करना चाहती है। केजरीवाल ने ईडी के पिछले तीनों समन को अवैध और राजनीति से प्रेरित बताते हुए नजरअंदाज कर दिया था। हालांकि, आप ने कहा था कि केजरीवाल एजेंसी के साथ सहयोग करने के लिए तैयार हैं, लेकिन दावा किया कि समन उन्हें गिरफ्तार करने के इरादे से भेजे गए हैं। आप ने कहा कि चुनाव से ठीक पहले नोटिस क्यों भेजा गया है? नोटिस केजरीवाल को चुनाव प्रचार करने से रोकने का एक प्रयास है। आप ने समन की टाइमिंग पर भी सवाल उठाए थे।

समन किए दरकिनार फिर भी क्यों अरविंद केजरीवाल नहीं हुए गिरफ्तार; क्या है ईडी का कानून

आम आदमी पार्टी ने कहा कि ऐसे समय में जब लोकसभा चुनाव नजदीक हैं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अरविंद केजरीवाल को चुनाव प्रचार करने से रोकने और उन्हें जेल में डालने के लिए ईडी का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा ईडी से स्पष्टीकरण मांगने के बावजूद कि केजरीवाल को किस हैसियत से बुलाया जा रहा है। आप ने कहा था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री न तो आरोपी हैं और न ही गवाह हैं। आप ने कहा था लगभग एक साल से मनीष सिसोदिया जेल में हैं और ईडी ने अभी तक उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं जुटाया है और अब वह अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना चाहते हैं। उन्होंने भाजपा पर एजेंसियों का उपयोग करके विपक्ष को निशाना बनाने और भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे अपने नेताओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया था। एचटी की रिपोर्ट के अनुसार, ईडी द्वारा 2 दिसंबर, 2023 को शराब घोटाला मामले में दायर अपनी छठी चार्जशीट में आप नेता संजय सिंह और उनके सहयोगी सर्वेश मिश्रा का नाम लेते हुए दावा किया है कि आम आदमी पार्टी ने गोवा विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान अपने प्रचार अभियान के हिस्से के रूप में पॉलिसी के माध्यम से प्राप्त 45 करोड़ रुपये की रिश्वत का इस्तेमाल किया।

जबकि ईडी ने पहले आरोप लगाया था कि शराब नीति से अर्जित रिश्वत का इस्तेमाल गोवा विधानसभा चुनावों के अभियान के वित्तपोषण के लिए किया गया था, यह पहली बार है कि एजेंसी ने कथित रिश्वत की राशि का उल्लेख किया है और पहली बार %आप% को प्रत्यक्ष लाभार्थी कहा गया है।

दिल्ली में 3.2 डिग्री तक गिरा पारा, यूपी में भीषण शीतलहर की आशंका

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में सुबह इस सीजन की सबसे ठंडी रही। न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री तक गिरा। अधिकांश जगहों पर धुंध और हवा में ठिठुरन का एहसास हुआ। भारत मौसम विभाग (ढ्ढरूष्ठ) के ताजा अपडेट के मुताबिक, सफदरजंग में इस मौसम का सबसे कम न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस कम है। वहीं, लोधी रोड स्थित मौसम कार्यालय में यह 3.6 डिग्री सेल्सियस रहा। जाफरपुर में सबसे कम तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। यह सामान्य से लगभग 4 डिग्री सेल्सियस कम है।

आपको बता दें कि कड़ाके की ठंड का एहसास सुबह 4 बजे से लेकर 8.30 बजे के बीच लगभग पांच घंटों के लिए हुआ। हवाई अड्डे पर विजिबिलिटी शून्य हो गई। इसका असर उड़ानों पर भी देखने को मिला। कई फ्लाइट देरी से उड़ान भर रही है।

एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ जम्मू-कश्मीर के ऊपर आया है। इसके 16 जनवरी तक बने रहने की संभावना है। इस दौरान न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। हालांकि, दिन में अधिकतम तापमान 18एष्ट ??के आसपास रहेगा। न्यूनतम तापमान औसतन 5-7एष्ट के बीच रहने की संभावना है। सुबह के समय कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाया रहेगा।

देश के मौसम का हाल

आईएमडी के ताजा अपडेट के मुताबिक, 13 से 16 जनवरी के बीच पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के कुछ हिस्सों में सुबह के समय घना से बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। इसी दौरान सुबह के समय पश्चिम बंगाल, ओडिशा, जम्मू, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, उत्तरी मध्य प्रदेश, असम, मेघालय, मिजोरम और त्रिपुरा के कुछ हिस्सों में कोहरा छाने की संभावना है।

पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में कोल्ड डे से लेकर सीवियर कोल्ड डे की स्थिति जारी रहने का अनुमान है। उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में भी शीतलहर की स्थिति बन सकती है। आईएमडी ने बताया है कि अगले 24 से 48 घंटों के दौरान पश्चिमी हिमालय में छिटपुट बारिश और बर्फबारी संभव है। पंजाब के अमृतसर और उत्तर प्रदेश के लखनऊ और वाराणसी में दृश्यता का स्तर 25 मीटर रहा, चंडीगढ़,उत्तर प्रदेश के बरेली, बिहार के पूर्णिया और असम के तेजपुर में 50 मीटर और हरियाणा के अंबाला और राजस्थान के गंगानगर में यह 200 मीटर रहा। दृश्यता जब शून्य से 50 मीटर के बीच हो तो बहुत घना कोहरा, 51 से 200 मीटर के बीच घना कोहरा, 201 से 500 मीटर के बीच मध्यम और 501 से 1,000 मीटर के बीच हल्का कोहरा होता है।

उत्तर प्रदेश में शीतलहर की आशंका

सर्द पछुवा हवा से उत्तर प्रदेश कंपकंपा रहा है। दिन में धूप नहीं निकल रही और रात में पारा नीचे जा रहा है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश में एक दो स्थानों पर शीतलहर चलने की आशंका जताई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के मौसम के अनुसार कानपुर और आगरा में गुरुवार की रात इस सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया है। अगर यही क्रम आगे भी जारी रहा तो फिर राज्य में शीतलहरी का प्रकोप शुरू हो जाएगा।

उत्तराखंड में पहाड़ों से ज्यादा सर्द रहे मैदानी इलाके–उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में कोहरे के कारण कड़ाके की ठंड पड़ रही है। स्थिति यह है कि शुक्रवार का दिन मैदानी इलाकों में पहाड़ों के मुकाबले कहीं ज्यादा ठंडा रहा। देहरादून और रुड़की में तो इस सीजन का सबसे सर्द दिन रिकॉर्ड किया गया। अभी राज्य में आगे भी इसी तरह से सूखी ठंड से मैदानी हिस्से बेहाल रहेंगे। मौसम विज्ञान केंद्र ने मैदानी हिस्सों में 16 जनवरी तक घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। राज्य के मैदानी और तराई इलाके कोहरे व ठंड से जूझ रहे हैं। पहाड़ पर सुबह के पाले ने लोगों की दिक्कत को बढ़ाया। पहाड़ी इलाकों में सबसे ठंडा लोहाघाट रहा।

करनाल की मुगल कैनाल का बदला जाएगा नाम, अब कर्ण कैनाल रखा जाएगा

करनाल। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को आमजन के बीच लोहड़ी का पावन त्योहार मनाया। करनाल के सैक्टर 13 स्थित कम्यूनिटी सेंटर में लोहड़ी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने शिरकत की और बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों को लोहड़ी की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने प्रदेशवासियों की खुशहाली व तरक्की की प्रार्थना भी की। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को 14 जनवरी को मनाए जाने वाले मकर सक्रांति पर्व की भी हार्दिक शुभकामनाएं दी।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने करनाल के मुगल कैनाल का नाम बदलकर कर्ण कैनाल करने का प्रस्ताव भी रखा। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि यह उनके लिए बड़े हर्ष का विषय है कि लोहड़ी के दिन वे करनाल शहर में मौजूद हैं और लोगों के बीच इस पावन पर्व को मना रहे हैं।

यह हमारी भारतीय संस्कृति की विशेषता है कि यहां अलग-अलग त्योहार मनाए जाते हैं। लोहड़ी खुशियां बांटने का त्योहार है। उन्होंने कहा कि इस पावन त्योहार पर वह भगवान से प्रार्थना करते हैं कि सभी के जीवन में सुख-समृद्धि आए। इस दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल व अन्य अतिथियों ने अग्नि को तिल, गुड़ व मुंगफली अर्पित की।

22 जनवरी होगा ऐतिहासिक दिनः

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि 22 जनवरी एक ऐतिहासिक दिन है, जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के लिए वर्षों तक संघर्ष किया, आंदोलन हुए, सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक निर्णय सुनाया। इसके बाद भव्य राम मंदिर बन रहा है। हम सीना चोड़ा करके ऐतिहासिक विरासत प्राप्त करने जा रहे हैं।

गणतंत्र दिवस भी करनाल में ही मनाएंगे सीएमः

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मौके पर वे स्वयं करनाल में रहेंगे, ऐसे में उन्होंने ज्यादा से ज्यादा संख्या में आमजन को इस कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, मेयर रेनू बाला गुप्ता, बृज गुप्ता, पूर्व मंत्री शशिपाल मेहता, पूर्व विधायक रमेश कश्यप, जिला महामंत्री सुनील गोयल व राजबीर शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सुखीजा, सभी नगर पार्षद सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना शासन व प्रशासन की जिम्मेदारी महिपाल ढांडा

लोग गर्म जोशी के साथ कर रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत

पानीपत। विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को जिला के गांव महमदपुर व बाबरपुर में पहुंची जहां ग्रामीणों ने गर्म जोशी से उसका स्वागत किया। इसी कड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में पानीपत ग्रामीण से विधायक महिपाल ढांडा ने बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार अंतिम और गरीब व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए ऐतिहासिक फैसले ले रही है। कार्यक्रम में विधायक ने लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना व प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना का लाभ किस तरह ले सकते हैं के बारे में विस्तार से जानकारी दी है।

उन्होंने कहा की सभी योजनाएं गांव के लोगों के लिए संजीवनी बनकर आई है उन्हें इनका लाभ लेना चाहिए। गांव के लोगों को सुविधा प्रदान करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा की विकसित भारत यात्रा के तहत भारत को दुनिया में खड़ा किया जा रहा है ।लोगों की हर समस्या को दूर किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बड़ी सोच के साथ इस संकल्प यात्रा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने

कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने गरीब और पिछड़े लाभार्थियों को केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा को प्रारंभ किया है। इस यात्रा का ध्येय अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को समाज की मुख्यधारा में शामिल करना व लाभ पहुंचना है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की गारंटी वाली गाड़ी गरीब और वंचित लोगों तक पहुंच रही है। हम सबको मिलकर 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का सपना पूरा करना है। इस मौके पर उपस्थित जनसमूह ने एलईडी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का 10 मिनट का क्लिप के माध्यम से संबोधन भी सुना। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संकल्प शपथ दिलाई ।

विधायक ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में ऐसी व्यवस्था लागू हुई है, जिससे नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे। ऑनलाइन व्यवस्था से उन्हें घर बैठे ही सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। किन्हीं कारणों से योजना का लाभ उन्हें नहीं मिल पाया तो अधिकारी जन संवाद के माध्यम से उन्हें वह लाभ पहुंचाने के लिए उनके द्वारा पर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को धुएं से निजात दिलाने के लिए प्रधानमंत्री ने सराहनीय पहल की है। करोड़ों महिलाओं को गैस कनेक्शन दिए गए है। केंद्र व प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई व्यक्ति भूखा ना रहे और सभी गरीबों को पक्का मकान मिले। उन्होंने कहा कि आज हर घर में नल से जल पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। इस अवसर पर एसडीएम मनदीप,तहसीलदार वीरेंद्र गिल,डीडीपीओ सुमित चौधरी,सरपंच कोमल,सामाजिक कार्यकर्ता रंजीता कौशिक, एसडीओ पंचायती राज राजेंद्र,एसडीओ बिजली विभाग सत्यवान कादयान, समाज कल्याण अधिकारी जयपान हुडा,डॉक्टर सुनीता एनिमल हसबेंडरी, योगेंद्र आर्य,कोच भारोत्तोलन मीनाक्षी, क्रिड डिपार्टमेंट से पवन व सतीश के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी व स्थानीय गणमान्य व्यक्ति और ग्रामीण उपस्थित रहे।

मनरेगा मेट मजदूरों की मांगो को करे पूरा सरकार : माजरा

सिवानी। मनरेगा मेट मजदूर समिति के प्रवक्ता कृष्ण माजरा ने सिवानी व तोशाम ब्लाक में मेटो की मीटिंग हुई इस मौके पर मनरेगा मेट मजदूरों को उनके अधिकारों के लिए मजदूरों को प्रेरित किया गया इस मौके पर माजरा ने कहा ही जिस प्रकार देश व प्रदेश महंगाई बड़ी हैं आज महगाई को देखते हुए। सरकार का मजदूरों की तरफ कोई ध्यान नहीं है।माजरा ने कहा की पिछले तीन महीने से पंचकूला में मनरेगा मेट मजदूर अपनी मांगो को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं जिसमे सरकार से मांग कर रहे हैं कि मनरेगा मेट को मासिक वेतन दिया जाए और मजदूरों को पूरा साल काम दे था यदि काम के दौरान किसी मेट या मजदूर की मृत्यु हो जाती है तो उसे 25 लाख मुआवजा राशि दी जाए इन मांगो को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं इस मौके पर मनरेगा मेट मज़दूर समिति के भिवानी जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा की 19 जनवरी को अपनी मांगो को लेकर नरवाना में एक रैली करेंगे यदि समय रहते सरकार हमारी मांगो को पूरा नहीं करती तो मनरेगा मेट मजदूर एक बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होगी इस मौके पर सिवानी और तोशाम ब्लॉक के सभी मेट मौजूद रहे रामफल कुम्भा,संजय कुमार,कृष्ण कुमार, सुरेंद्र सिंह, राजेश शर्मा, धर्मेन्द्र सिंह, विजय कुमार, सतबीर सिंह, बिजेंद्र सिंह,परदीप, युद्धवीर सिंह, सुलतान,शंभू राम, सुरेन्द्र कुमार, रणधीर सिंह आदि मेट मजदूर मौजूद रहे

... तो तब तक राष्ट्र के पुनर्निर्माण का स्वप्न अधूरा - एमएलए जरावता

पटौदी। गांव मेहचाना, फजीलपुर बादली, घोसगढ, जनोला व पटौदी मंडी एवं नरहेड़ा के पृथ्वीराज स्टेडियम में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पटौदी के एमएलए एडवोकेट सत्यप्रकाश जरावताऔर जिला पार्षद रितु यादव ने इन कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लिया।

इसी कड़ी में शनिवार को जिला में फर्रूखनगर खंड के चार गांव और पटौदी नगर परिषद के दो स्थानों पर ये कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें लोगों को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए स्टाल लगाए गए। एमएलए एडवोकेट सत्यप्रकाश जरावता एवं जिला पार्षद रितु यादव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया। साथ ही पात्र लोगों को मौके पर ही विभिन्न योजनाओं के प्रपत्र सौंपे । एमएलए जरावता ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का आम जनमानस पर सकारात्मक असर देखने को मिला है। सरकार का मानना है कि जब तक समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का संपूर्ण विकास नहीं हो जाता, तब तक राष्ट्र के पुनर्निर्माण का स्वप्न अधूरा है। इसलिए इस जनहितैषी कार्यक्रम को जिम्मेदारी के साथ चलाया जा रहा है। जिला पार्षद रितु यादव ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और गरीब कल्याण के स्वप्न को साकार करने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। देश के वंचित लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार द्वारा सराहनीय कदम उठाए जा रहे हैं। इस अवसर पर बीडीपीओ नरेश कुमार, ग्राम सचिव शीशपाल, सरपंच सुषमा देवी, मंडल अध्यक्ष कृष्ण यादव, ग्राम सचिव अमित, खाद्य एवं पूर्ति विभाग के निरीक्षक रविन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

बच्चों को जीवन में संस्कार और नैतिक मूल्यों को अपनाने का किया आह्वान

कैथल। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सौंगल में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में स्वयंसेवको ने रसमंगल तीर्थ की यात्रा की, वहां पर स्थित मंदिरों में मत्था टेका व तीर्थ की सफाई की, वहां पर बिखरे हुए कूड़ा-कर्कट और कचरे को इकट्ठा करके डस्टबिन में डाला। बच्चों ने आज रस मंगल तीर्थ पर जाते हुए एक रैली निकाली जो स्वच्छता पर केंद्रित थी। बच्चों ने स्वच्छ भारत स्वच्छ गांव के नारे लगाए। इस दौरान एनएसएस वॉलंटियर्स में विशेष जोश देखने को मिला और गांव के लोग बच्चों की रैली को देखकर प्रभावित हुए।कार्यक्रम अधिकारी मामला राम ने बताया कि विद्यालय में व्याख्यान सत्र के दौरान डॉ. दीपक राविश ने बच्चों को आत्मनिर्भरता पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमें जिस चीज की आवश्यकता है वही सामग्री हमें खरीदनी चाहिए, अति आवश्यक वस्तुओं को या सेवाओं

को प्राथमिकता देनी चाहिए, व्यर्थ में हमें दिखावट की वस्तुओं को खरीदकर अपने देश की वित्त स्थिति को कमजोर नहीं करना चाहिए। राविश ने कहा कि हम अपनी उत्पादकता को इतना बढ़ाएं कि हमारा आयात-निर्यात से कम हो जाए, उसी से हमारी आत्मनिर्भरता बढ़ सकती है। डॉ. राविश ने बच्चों को जीवन में संस्कार और नैतिक मूल्यों को अपनाने का भी आह्वान किया। अगले सत्र में बच्चों में दीपक सजाने को लेकर एक प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें अधिकतर स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। वहीं दूसरी तरफ लड़कों के द्वारा फूलों की क्यारियां बनाई गई, वृक्षों की अतिरिक्त टहनियों की छंटाई की गई। बच्चों द्वारा विशेष खान-पान का मजा लिया गया। सांयकालीन सत्र में बच्चों ने आग जलाकर लोहड़ी पर्व को मनाया जिसमें बच्चों ने संगीत के साथ नृत्य का आनंद लिया और मूंगफली व रेवड़ी खाकर इस त्यौहार की मिठास को और बढ़ाया।

ओः पीः एसः विद्या मंदिर में 12वीं के छात्रों के लिए किया गया विदाई समारोह का आयोजन

करनाल। ओ. पी. एस. विद्या मंदिर में 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में चेयरपर्सन श्रीमती सुषमा बंसल जी के साथ मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अमन बंसल एवं एकडमिक डायरेक्टर मैडम मूर्ति बंसल जी ने शिरकत की। 11वीं कक्षा के छात्राओं ने आए हुए सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत फूलों की वर्षा करके व तिलक लगाकर किया। पार्टी का आगाज मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। 11वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने अध्यापकों के प्रति प्रेम व भावनाओं को अभिनय के माध्यम से प्रकट किया। इन कार्यक्रमों के अलावा सीनियर्स के लिए विभिन्न प्रकार की फन गेम्स भी करवाई गई। सुंदर व रंग-बिरंगे परिधानों से सजे छात्रों की चहल-पहल से सारा परिसर गूंज उठा। छात्रों की प्रतिभा और प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत कई विजेताओं का चयन किया गया। जिसके अंतर्गत मिस गॉर्जियस -सुश्री प्रिया, मिस्टर फिटनेस- मिस्टर इरफान,

मिस सोशल बटरफ्लाई, -सुश्री दिशा,मिस्टर चार्मर - मिस्टर मोक्ष स्टूडेंट ऑफ द ईयर -सुश्री मृदुल, सुश्री रिया, मिस्टर सार्थक और मिस्टर कुणाल रहे। 11वीं कक्षा के छात्रों ने 12वीं कक्षा के छात्रों व अध्यापकों को विभिन्न टाइटल्स के साथ सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती सुषमा बंसल जी एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अमन बंसल जी ने 12वीं कक्षा के बच्चों को भविष्य की शुभकामनाएं दी। एकेडमिक डायरेक्टर मैडम पूर्ति बंसल जी ने छात्र-छात्राओं को परीक्षा में धैर्य, लगन व मेहनत के साथ सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ0 जसजीत सूद जी ने 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को जीवन में आगे आने वाले समय और उनकी बेहतर ज़िन्दगी के लिए मंगल कामना करते हुए आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी।

डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने किया हिसार मंडल के 20 गांवों को नशा मुक्त होने पर सम्मानित

सिरसा। हरियाणा सरकार जल्द ही पुलिस विभाग में भारी भर्ती शुरू करेगी। सरकार द्वारा पुलिस विभाग के लिए नए नियम फ्रेम किए जा रहे है। इसकी प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद युवाओं के लिए पुलिस विभाग में भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। यह जानकारी हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने गाँव नरेलखेड़ा में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए दी। वे सिरसा में पुलिस के साथ-नशा मुक्त समाज सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेने पहुंचे थे।

डीजीपी की अपने नवीनतम कार्यकाल में ज़िला का यह पहला दौरा कार्यक्रम है। डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने आज नरेलखेड़ा गांव में समारोह में हिसार मंडल के 20 गांवों के प्रतिनिधियों को नशा मुक्त होने पर सम्मान पत्र भेंट किए। समारोह में उपस्थित भारी जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इन सभी गाँव को नशा मुक्त बनाने में महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके लिए वे बधाई की पात्र हैं। उन्होंने नशा मुक्ति को लेकर महिलाओं द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहाकि जिस तरह महिलाएं समाज में अपने उत्तरदायित्व निर्वहन करती है यदि पुरुष

उसका 10 प्रतिशत भी करने लगे तो समाज से हर बुराई ख़त्म हो सकती है।

उन्होंने हिसार मंडल की नशा मुक्ति टीम के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी गाँव को जब नशा मुक्त घोषित किया जाता है तो उसके मापदण्ड है कि उस गांव में किसी तरह का नशा बेचा नहीं जाता है और उस गाँव के नशे की गिरफ़्त में आये सभी व्यक्ति नशे से दूर हो चुके है या अपना इलाज करवा रहे हैं । उन्होंने कहाकि सिरसा, फतेहाबाद और डबवाली सीमावर्ती ज़िला होने के कारण नशे से सबसे अधिक प्रभावित ज़िले है। नशे पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने एकीकृत योजना बना रखी है जिसमें विभिन्न विभागों के सहयोग से नशे पर अंकुश लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हम सभी को नशे के ख़िलाफ़ एक जुट हो कर लड़ाई लड़नी है। यदि आपके आसपास कही भी कोई नशा करता है या इसे बेचता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को टोल फ्री नंबर 88140-11000 व 90508-91508 पर दें। इस अवसर पर डीजीपी ने मीडिया से नशा मुक्त अभियान में सकारात्मक सहयोग देने की अपील करते हुए कहा कि यदि एक-एक व्यक्ति व हर एक गांव इस मुहिम से जुड़ता चलेगा तो वह समय दूर नहीं जब यह पूरा इलाका नशे की बिमारी से दूर हो जाएगा।

सरकार द्वारा नशे पर अंकुश लगाने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे है, जहां युवाओं को पांरपरिक खेलों के साथ जोड़ कर उनकी ऊर्जा को एक नई दिशा देने का प्रयास हो रहा है। दूसरी तरफ नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। उन्होंने कहा कि केद्र सरकार नशे के खिलाफ सभी प्रदेशों को एक साथ जोडकर कार्य कर रही है जिससे इस बुराई के खिलाफ और मजबूती से लड़ा जा सके।

संयुक्त आयुक्तों ने संबंधित अधिकारियों के साथ किया अपने-अपने जोन का दौरा

गुरूग्राम। नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त डा.नरहरि सिंह बांगड़ द्वारा जारी निर्देशों की पालना में संयुक्त आयुक्तों ने अधिकारियों की टीम के साथ अपने-अपने जोन का दौरा किया तथा पार्कों, सफाई, सडक़ों, शौचालय तथा चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों के साथ भी मुलाकात की गई। संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार जोन-2 क्षेत्र में पहुंचे। उन्होंने कमला नेहरू पार्क, रेलवे स्टेशन के नजदीक, शीतला माता मंदिर के नजदीक, सब्जी मंडी, रोशनपुरा, सेक्टर-31, सेक्टर-5, न्यू रेलवे रोड़ सहित आसपास क्षेत्रों सफाई व्यवस्था, शौचालयों की स्थिति, कचरा उठान, पार्कों तथा विकास कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी प्रकार, संयुक्त आयुक्त विजय यादव अपनी टीम के साथ जोन-3 क्षेत्र में पहुंचे। उन्होंने सेक्टर-56, सेक्टर-43, सेक्टर-57, सेक्टर-55 सहित जोन-3 के अन्य स्थानों पर सफाई व्यवस्था व शौचालयों की स्थिति का निरीक्षण किया। साथ ही मौके पर उपस्थित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने तथा सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर करने के निर्देश दिए गए। जोन-1 व जोन-4 क्षेत्र में सफाई शाखा से जुड़े अधिकारियों ने विशेष सफाई अभियान चलाकर सडक़ों, ग्रीन बैल्ट व नालियों की सफाई सुनिश्चित की। इसके तहत इस्लामपुर अंडरपास, फ्लाईओवर, भोंडसी, बादशाहपुर-कादरपुर रोड़, सेक्टर-48, सर्विस रोड़ नाहरपुर रूपा, बादशाहपुर मेन रोड़, घाटा रोड़, टीकली गांव, ग्वाल पहाड़ी स्थित अन्य क्षेत्रों की सफाई करते हुए कूड़ा उठान सुनिश्चित करवाया गया। नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त डा. नरहरि सिंह बांगड़ के अनुसार नगर निगम गुरूग्राम बेहतर मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। सफाई को प्राथमिकता देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं, ताकि हमारा शहर स्वच्छ, सुंदर एवं बेहतरीन बने।

जनता अब विपक्ष के बहकावे में आने वाली नहीं - हरविंद्र कल्याण

करनाल। विकसित भारत संकल्प यात्रा आज जिला के गांव फैजलीपुर, अंधेड़ा और बरसत पहुंची। तीनों जगह भाजपा विधायक हरविंद्र कल्याण ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने गरीबों के लिये कुछ नहीं किया। वोट की खातिर जरूर उन्हें बरगलाया गया। अब जनता जागरूक हो चुकी है और झांसे में आने वाले नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हर वर्ग के कल्याण के लिये योजनायें बनाई हैं और उन्हें धरातल पर भी पहुंचाया है। लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिलना शुरू हो गया है। आज गरीबों को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रूपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। पहले धन अभाव के कारण गरीब अपना इलाज भी समय पर नहीं करा पाते थे। तीनों गांवों में सरपंचों ने विधायक का स्वागत किया। श्री कल्याण ने सर्वप्रथम विभिन्न विभागों की ओर से लगाये गये स्टाल्स का अवलोकन किया। इस मौके पर

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया और हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। लोकसंपर्क एवं भाषा विभाग के गायक कलाकारों ने विकासात्मक गीत प्रस्तुत किये। अंधेड़ा में विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रमेश कश्यप और फैजलीपुर में सुदर्शन जुनेजा ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। इस मौके पर विधायक द्वारा गांव में 9 साल में कराये गये विकास कार्यों की जानकारी दी गई।

श्री कल्याण ने इस मौके पर कहा कि एक समय ऐसा था जब मंत्रियों, सांसदों अथवा विधायकों के चहेतों अथवा उनके रिश्तेदारों को ही नौकरी दी जाती थी लेकिन भाजपा सरकार ने इस बुराई को खत्म कर दिया है। अब युवाओं को मेटिर के आधार पर नौकरी दी जा रही है। गरीबों के बच्चे अफसर बन रहे हैं। प्रदेश में पिछले नौ साल में 1.10 लाख युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है, 60 हजार नौकरियां पाइप लाईन में हैं।

इस मौके पर उन्होंने हलके में कराये गये विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हलके में 70 नई सडक़ें और 40 पुल बनाए गए हैं, 15 स्कूलों को सीनियर सेकंडरी बनाया गया है, 7 नए पॉवर हाऊस स्थापित किए गए हैं, लड़कियों का कॉलेज बनवाया गया है, देश की दूसरी एनसीसी अकादमी मंजूर हो चुकी है, एक हजार करोड़ रुपये की लागत से हलके से रिंग रोड का निर्माण कार्य जारी है। घरौंडा को उपमंडल का दर्जा दिया गया है और नए बस अड्डे का निर्माण करवाया गया है। दयालु योजना को गरीबों के लिए वरदान बताते हुए उन्होंने कहा कि यदि बीपीएल परिवार में किसी सदस्य की मृत्यु होती है तो सरकार की ओर से योजना के तहत एक से पांच लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि यदि दिवंगत होने वाले सदस्य की आयु 6 से 12 वर्ष होने पर एक लाख, 12 से 18 वर्ष होने पर दो लाख , 18 से 25 होने पर तीन लाख और 25 से 45 वर्ष की आयु होने पर पांच लाख रुपये देने का प्रावधान किया गया है। यदि सदस्य की आयु 45 से 60 वर्ष की आयु है तो उस परिवार को 3 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि हलके में जो भी कार्य बचे हुए हैं उन्हें आने वाले समय में पूरा करवाया जाएगा। भाजपा अपना घर भरने के लिए नहीं जनता के लिए सत्ता में है।

इस मौके पर उन्होंने उज्ज्वला योजना, पेंशन, बीपीएल और आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस मौके पर सुभाष कश्यप, राजेश जोगी, जगदीश सरपंच, बिट्टु, बहादुर, हरी नागपाल, सतीश बजाज आदि मौजूद रहे।

आयुष्मान ने गरीबों को इलाज के बिल की चिंता से मुक्त किया : रामबिलास शर्मा

महेंद्रगढ़। विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा आज गांव पथरवा व जवाहर नगर पहुंची। इस मौके पर विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं के लिए पंजीकृत किया। गांव पथरवा व जवाहर नगर में पूर्व शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की व नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई।

पूर्व शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा ने विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का जायजा लिया व योजनाओं के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने केंद्र व प्रदेश सरकार की अंत्योदय की भावना से क्रियान्वित योजनाओं की सराहना करते हुए आमजन को सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार ने अपने लगभग साढ़े 9 साल के कार्यकाल में समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकारी सेवाएं प्रदान करने की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए समाज की मुख्यधारा से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि अगले 25 वर्षों के दौरान हम सबको मिलकर इस देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा करना है। इसी उद्देश्य से सरकार हर गांव व हर व्यक्ति तक पहुंच कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ जोड़ा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बना आयुष्मान कार्ड देखने में बहुत छोटा है लेकिन यह आयुष्मान कार्ड 5 लाख रुपए तक का इलाज फ्री करवाता है। इस मौके पर तीन नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाकर दिए।

आयुष विभाग द्वारा योग का प्रशिक्षण करवाया गया व 250 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां दी गई। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी बीपी शुगर इत्यादि जांच की गई व दवाइयां दी गई। समाज कल्याण विभाग से सहायक हनुमान ने गांव पथरवा व जवाहर नगर में चार वृद्धावस्था पेंशन बनाई।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से एसडीओ जीया राम ने हर घर जल पहुंचाने पर गांव पथरवा व जवाहर नगर के सरपंच प्रतिनिधियों को अभिनंदन पत्र दिया।

14 महीने पाकिस्तान की जेल में रहे गुलाब सिंह को किया सम्मानित।

जवाहर नगर गांव में पूर्व शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा ने 1971 की लड़ाई में 14 महीने पाकिस्तान की जेल में रहे गुलाब सिंह पुत्र सरदार सिंह को लोई ओढ़ाकर सम्मानित किया। सबसे बुजुर्ग पुरुष कन्हीराम लगभग 90 वर्ष को लोई ओढ़ाकर सम्मानित किया। जवाहर नगर गांव के शहीद उमराव सिंह, पहलाद सिंह, राजेंद्र सिंह, जय नारायण सिंह व पताराम सिंह के परिजनों को स्याल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

इसी प्रकार गांव पथरवा में सबसे बुजुर्ग पुरुष सोहनलाल लगभग 90 वर्ष को लोई ओढ़ाकर सम्मानित किया। गांव के शहीद हनुमान सिंह आर्य एशियाड विजेता के परिजनों को स्याल ओढ़ाकर सम्मानित किया। स्वतंत्रता सेनानी पहलाद सिंह के परिजनों को स्याल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सेना मेडल से पुरस्कृत मास्टर धर्मचंद को लोई ओढ़ाकर सम्मानित किया। गांव के स्कूल के टॉपर निशु, पायल, मोनिका, उषा, जाया, डिंपल, गरिमा, नवीन व पावनी को सम्मानित किया।

महिला एवं बाल विकास विभाग से सुपरवाइजर दर्शन देवी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत प्रियंका, वर्षा, मंजूबाला, बीना व मुस्कान की गोद भराई की रस्म करवाई। स्नेहा का पोषण अभियान के तहत 6 माह पूर्ण करने पर अन्नप्राशन करवाया गया। दीक्षा का जन्मदिन मनाया गया। इस यात्रा के दौरान नागरिकों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल में हेल्थ चेकअप, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, चिरायु कार्ड, परिवार पहचान पत्र तथा प्रॉपर्टी आईडी बनवाने या त्रुटियां ठीक करवाने का लाभ उठाया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य वच्चनाई नाथ,पंचायत समिति चेयरमैन प्रतिनिधि अनिल कुमार, पथरवा सरपंच प्रतिनिधि प्रियमोहन, जवाहर नगर सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार, मुन्ना शेखावत, दीवान शेखावत, एसएमओ डॉ मनीष यादव, एसईपीओ प्रवीन कुमार, आयुष विभाग से डॉक्टर रमेश भालोठिया, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से ध्यान सिंह, समाज कल्याण विभाग से सहायक हनुमान, कल्याण विभाग से सत्येंद्र बलाना, श्रम विभाग से सुरेंद्र लांबा, ग्राम सचिव राजेश व सुमेर सिंह, डीईओ रणबीर सिंह, लिपिक प्रीतम के अलावा अन्य अधिकारी व गांव के नागरिक मौजूद थे।

आम आदमी पार्टी ने प्राईवेट स्कूलों द्वारा

134ए के बच्चो को दाखिला नहीं देने पर स्कूलों में तालाबंदी की दी चेतावनी

फरीदाबाद की आवाज

रेवाड़ी मीटिंग में रेवाड़ी विधानसभा के संगठन मंत्री संजय शर्मा ने मौजूद कार्यकर्ताओ को बताया कि मीडिया के माध्यम से हमें जानकारी प्राप्त हुई हैं कि प्राईवेट स्कूलों द्वारा सरकार की तरफ़ से कई वर्षो की 134ड्ड के लाभान्वित बच्चों की बकाया प्रतिपूर्ति राशि अभी तक नहीं देने पर आगामी शैक्षणिक सत्र में बच्चो को दाखिला नहीं देने का मीडिया में तुगलकी फरमान जारी किया गया है।

संगठन मंत्री संजय शर्मा ने बताया कि एक तरफ तो ये प्राईवेट स्कूल हरियाणा एजुकेशन एक्ट के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए हर साल बच्चों से एनुअल चार्ज, बिल्डिंग फंड,स्कूल फंड डेवलपमेंट चार्ज,श्वह्वश्वद्बद्य फंड के नाम पर हजारों रूपये की नाजायज राशि जबरन वसूलते है। और स्कूल के भारी मुनाफे में होने के बावजूद भी हर साल फीस एवम् अन्य अमान्य फंड्स में भारी बढ़ोतरी भी करते हैं। इतना ही नहीं ये स्कूल कमीशनखोरी के चलते हर साल एनसीईआरटी की जगह प्राईवेट पब्लिशर्स की बहुत महंगी पुस्तकें और स्कूल यूनिफॉर्म पैरेंट्स को किसी एक निश्चित दुकान से ही खरीदने को बाध्य करते हैं। फिर अगले साल वो निजी प्रकाशक की पुस्तके बदल भी देते हैं। वो पुरानी पुस्तके अगले साल किसी के भी काम नहीं आती है। पैरेंट्स को इन हजारों रूपये की मंहगी किताबों को 10 रूपये

किलो रद्दी के भाव बेचना पड़ता है। संजय शर्मा ने कहा कि हम किसी भी बच्चे का दाखिला नहीं रुकने देंगे। यदि स्कूलों द्वारा एक बच्चे का भी दाखिला रोका गया तो हम हम उस बच्चे की शिक्षा के अधिकार के लिए जरूरत पड़ने पर स्कूलों की तालाबंदी करने से भी नहीं चूकेंगे और सभी बच्चों के शिक्षा के अधिकार की सुरक्षा करके रहेंगे। हम पूरी तरह से 134ड्ड के बच्चों और उनके साथ हमेशा खड़े रहेगें।

चिकित्सा प्रकोष्ठ के ज़िला अध्यक्ष डॉक्टर रविन्द्र बढ़ालिया ने कहा कि सरकार को जल्द सभी स्कूलों की बकाया राशि अदा करनी चाहिए। ताकि बच्चो की शिक्षा प्रभावित ना हो।

युवा जिला अध्यक्ष अभिषेक झांब ने कहा कि सरकार और स्कूल एसोसिशन को एक टेबल पर मिल बैठकर अपनी समस्याओं का समाधान करना चाहिए लेकिन बच्चों के भविष्य से कोई खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। ब्लॉक प्रभारी मनोज अन्ना ने भी पैरेंट्स के हक की लड़ाई लड़ने में हर सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया।

इस मौके पर यूथ विंग के जिला सहसचिव कपिल, उषा देवी, बृजभूषण गुप्ता,रुपचंद आज़ाद,फूल सिंह और लक्ष्मणदास सहगल मौजूद थे।

पशुपालक स्वयं के साथ-साथ पशुधन को भी ठंठ व शीत लहर से बचाने के लिए बरतें सावधानी : डीसी

फरीदाबाद की आवाज

रेवाड़ी डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि कड़ाके की ठंड व शीत लहर के चलते प्रदेश सरकार ने आमजन के साथ-साथ पशुधन को भी शीत लहर से बचाव के बारे में विशेष एडवाइजरी जारी की है। इसके लिए पशुपालकों से अपील की है कि वे पशुधन को ठंड के प्रकोप से बचाने के लिए विशेष सावधानी बरतें। उल्लेखनीय है कि विगत लगभग दो सप्ताह भर से प्रदेशभर के साथ-साथ रेवाड़ी जिला में भी शीत लहर का भारी प्रकोप है। कड़ाके की ठंड व शीत लहर का आमजन जीवन के साथ-साथ पशुधन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पडऩा स्वाभाविक है। ऐसे में प्रदेश सरकार ने जहां एक तरफ नागरिकों के स्वास्थ्य को लेकर एडवाइजरी जारी की हुई है, वहीं दूसरी तरफ पशुधन के बचाव के लिए भी विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि शीत लहर के दौरान ऊर्जा की आवश्यकता बढ़ जाने के कारण जानवरों और पशुधन को जीवन यापन के लिए अधिक भोजन की आवश्यकता होती है। इसलिए पशुधन के आहार एवं खान-पान में वृद्धि करें। उच्च गुणवत्ता वाले चारा या चारागाहों का उपयोग करें। पशुओं को वसायुक्त खुराक प्रदान करें, आहार सेवन तथा उनके चबाने के व्यवहार का ध्यान रखें। तापमान में अत्यधिक भिन्नता भैंसों/मवेशियों के प्रजनन दर को प्रभावित कर सकती है। सरकार ने पशुपालकों से अपील की है कि वे पशुधन को ठंडी हवाओं से बचाने के लिए रात के दौरान सभी पशु आवास को सभी दिशाओं से ढककर रखें। शीत लहर के दौरान विशेषकर छोटे पशुओं को पूरी तरह से ढककर रखें। इसी प्रकार दुधारू पशुओं को ठंड से बचाने हेतु अन्दर रखें। पशुओं के बैठने हेतु सूखा भूसा रखें। पालतू जानवरों, पशुधन को शीत लहर से बचाने हेतु भवन के अंदर रखें तथा उन्हे कम्बल से ढकें।

डीसी ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे पशुपालकों को एडवाइजरी के बारे में जागरूक करें। पशुपालकों को बताए कि वे पशुओं को ठंड से बचाने के लिए उचित प्रबंध करें। इसके साथ-साथ यह भी जानकारी दें कि यदि पशुधन पर ठंड का प्रकोप होता है तो वे पशु चिकित्सक को दिखाएं ताकि समय रहते प्रभावित पशुओं का उपचार किया जा सके। उन्होंने पशुपालन अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि वे पशु हस्पतालों में पशुधन को ठंड के प्रकोप से बचाने से संबंधित आवश्यक दवाइयां स्टॉक में रखें।

राजकीय माडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किशोरियों के लिए जीवन कौशल विकास शिविर आयोजित

नारनौल। राजकीय माडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारनौल में आयोजित किशोरियों के लिए जीवन कौशल विकास शिविर का आज समापन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य ब्रह्म प्रकाश दहिया की अध्यक्षता में समापन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पांच दिवसीय कैंप में लगभग 50 लड़कियों ने भाग लिया। प्राचार्य ब्रह्म प्रकाश दहिया ने सभी प्रतिभागियों को कैंप के दौरान सीखे गए कौशलों को अपने तथा अपने समाज में प्रसार करने की अपील की। रेडक्रॉस विभाग से डिविजनल कमांडर टेक चंद यादव ने सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा नियम के तहत गाड़ी चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। सीटबेल्ट और हेलमेट पहनें। फुटपाथों पर संभलकर चलें और जेब्रा क्रॉसिंग से ही क्रॉस करें। गति सीमा का ध्यान रखें। कभी भी शराब पीकर वाहन न चलाएं।

इस मौके पर उन्होंने यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई।

प्राथमिक सहायता प्रवक्ता पवित्रा यादव ने प्राथमिक सहायता के उद्देश्यों, जलना, झुलसना, पानी में डूबना हड्डी की टूट, सांप व कुत्ते के

काटने पर प्राथमिक उपचार के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि किसी व्यक्ति के अचानक बेहोश हो जाने उसकी ह्रदय की गति बंद हो जाने और उसकी स्वांस अवरुद्ध होने पर कैसे सीपीआर दिया जाता है आदि बातें प्रेक्टिकल करके दिखाया। कैंप में गजानंद यादव, निशा पांडेय तथा सरिता ने अहम भुमिका निभाई।

कैंप में स्वास्थ विभाग, कृषि विभाग, बागवानी विभाग, रेडक्रॉस विभाग से नियमित विभिन्न वक्ताओं ने शिरकत की। कैंप में जैम जैली, आचार पापड़ बनाना, स्वछता जागरुकता, आर्ट एंड क्राफ्ट, नैतिकता एवं अनुशासन, सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, प्राथमिक सहायता जैसे विभिन्न विषयों से अवगत करवाया। सभी प्रतिभागियों ने बहुत ही आकर्षक आर्ट एंड क्राफ्ट से संबंधित पेंटिंग, मटका पेंटिंग, व्यर्थ सामान से विभिन्न कलाकृतियों की प्रदर्शनी का भी आयोजन किया। विद्यालय परिवार की तरफ से सभी वक्ताओं, स्टॉफ सदस्यों तथा प्रतिभागियों को जलपान करवाया।

बदलते परिवेश में जल संरक्षण में किसानों की अहम भूमिका- डॉ शिवसिंह रावत

हथीन। जल संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग विषय पर धानुका एग्रीटेक रिसर्च एवं टेक्नोलॉजी सेंटर सिहोल में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ शिवसिंह पूर्व अधीक्षण अभियंता सिंचाई विभाग ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर डॉ बीएस सहरावत बाग़वानी विभाग हरियाणा के पूर्व निदेशक एवं सलाहकार डीआरटी, सुंदर पाल ब्लाक तकनीकी प्रबंधक कृषि विभाग, प्रगतिशील किसान क्लब के अध्यक्ष बिजेन्द्र दलाल, केबीसी संस्था पलवल के विक्रम सोरौत सहित सैंकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित थे। गोष्ठी में किसानों की आय बढ़ाने के लिए रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। डॉ शिवसिंह रावत ने किसानों को जल संसाधनों के उचित उपयोग एवं जल संरक्षण के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जल का हमारे जीवन में विशेष महत्व है और जल के बिना जीवन संभव नहीं है। डॉ रावत ने बताया कि हरियाणा में 85 प्रतिशत पानी कृषि क्षेत्र में प्रयोग किया जाता है। किसान आज भी फलड सिंचाई से खेती कर रहे हैं जिससे पानी की बर्बादी सबसे ज़्यादा होती है। आज किसान को पानी बचाने के लिए जागरूक होने की ज़रूरतहै। डॉ शिवसिंह रावत ने कृषि एवं जल क्षेत्र में हरियाणा सरकार की विभिन्न स्कीमों-सूक्ष्म सिंचाई योजना, अटल भूजल योजना, फसल विविधीकरण, मेरा पानी मेरी विरासत, जल जीवन मिशन के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसानों को सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली जैसे कि फव्वारा (स्प्रिंकलर) एवं टपका (ड्रिप) प्रणाली से सिंचाई करनी चाहिए जिससे पानी बचाया जा सके। अगर किसान ये प्रणालियाँ प्रयोग करते हैं तो जल संरक्षण में क्रांति आ सकती है। हरियाणा सरकार सूक्ष्म सिंचाई के लिए बहुत ज़्यादा सब्सिडी भी दे रही है। किसानों को इसका फ़ायदा उठाना चाहिए। डॉ बीएस सहरावत ने कहा कि धानुका एग्रीटेक रिसर्च एवं टेक्नोलॉजी सेंटर द्वारा किसानों को आधुनिक तकनीक से खेती करने के बारे में

प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि किसानों की आय को दुगना किया जा सके। किसानों को परम्परागत खेती को छोड़कर आधुनिक तरीक़े से खेती करने पर ज़ोर देना चाहिए।जितेंद्र कुमार ने किसानों को मिट्टी की जाँच के बारे में जानकारी दी।डॉ मनोज कुमार ने खरपतवार प्रबंधन पर जानकारी सांझा की।बिजेन्द्र दलाल ने प्रगतिशील किसान क्लब की तरफ़ से आश्वासन दिया कि हमारे सभी किसान भाई गोष्ठी में बताए गए सुझावों पर अमल करेंगे। उन्होंने डॉ शिवसिंह रावत, डॉ बीएस सहरावत एवं धानुका सेंटर का धन्यवाद किया।

क्राइम डायरी

क्राइम ब्रांच ऊंचागांव में देसी कट्टे सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

फरीदाबाद की आवाज

फरीदाबाद। डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा द्वारा अपराध अधिकतर वारदातों में शामिल अपराधियों की धरपकड़ के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने अवैध हथियार के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम सागर है जो फरीदाबाद के मछगर गांव का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी को चंदावली मोहना रोड पर हनुमान मंदिर के पास से अवैध हथियार सहित काबू कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक देसी कट्टा बरामद किया गया। आरोपी से जब पूछताछ की गई तो वह आनाकानी करने लगा इसके पश्चात उसे सदर बल्लभगढ़ थाना लाकर उसके खिलाफ अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ शुरू की गई जिसमें पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका उसके गांव में किसी बात को लेकर झगड़ा चल रहा है जिसके लिए उसके खिलाफ हत्या के प्रयास के तहत एक मुकदमा दर्ज है और वह अपनी सुरक्षा के लिए उत्तर प्रदेश के कोसी से किसी व्यक्ति से यह देसी कट्टा खरीद कर लाया था। इसके बारे में पुलिस जांच कर रही है। पुलिस पूछताछ के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके कानून के तहत कार्रवाई अमल में लाई गई है।

पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने 6 पुलिसकर्मियों को चुना 'हीरो ऑफ द वीक', प्रशंसा पत्र देकर किया प्रोत्साहित

फरीदाबाद की आवाज

फरीदाबाद। पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित करने के लिए हीरो आफ द वीक अभियान की शुरुआत की थी जिसमें हर सप्ताह अच्छा कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया जाता है और पुलिस आयुक्त द्वारा उनके साथ बैठकर और चाय पिलाकर उनके कार्यों की समीक्षा की जाती है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिह ने बताया कि पुलिस आयुक्त द्वारा शुरू किए गए इस अभियान के तहत जो पुलिसकर्मी सप्ताह में बेहतर कार्य करेगा उसे एक प्रशंसा पत्र देने के साथ ही उसकी एक बड़ी फोटो हीरो आफ द वीक की पुलिस आयुक्त कार्यालय के मुख्य द्वार पर लगाई जाएगी। इस अभियान से पुलिसकर्मियों में नई ऊर्जा आ रही है। इस पर इस सप्ताह श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 6 पुलिसकर्मियों को हीरो ऑफ द वीक चुना गया है। जो निम्न प्रकार से है-

हीरो ऑफ द वीक के लिए चयन किए जाने वाले पुलिसकर्मियों के नाम

क्राइम ब्रांच-

1. क्राइम ब्रांच DLF में तैनात सिपाही विनीत द्वारा पल्ला थाने में हत्या की धाराओं के तहत दर्ज मुकदमा नंबर 905/2023 में ब्लाइंड मर्डर केस की गुत्थी को सुलझाते हुए सूझबूझ तकनिकी और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी रोहित को गिरफ्तार करवाने में अहम् भूमिका निभाई थी। आरोपी ने तिलपत गाँव में चाय समोसे का खोखा चलाने वाले रमन नाम के व्यक्ति को पैसों के लालच में कुल्हाड़ी से मौत के घाट उतार दिया था और उसकी स्कूटी लेकर फरार हो गया था जिसे पुलिस द्वारा गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

एनआईटी जोन-

2. थाना धौज में तैनात एएसआई कमल द्वारा पोक्सो एक्ट व् अपहरण के मुक़दमे में 17 वर्षीय लड़की को गुजरात के सूरत से सकुशल बरामद किया गया और मामले के आरोपी जो असम से गुजरात जगह बदल बदलकर पुलिस की गिरफ्त से बचने की कोशिश कर रहा था उसे गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

3. पुलिस चौकी सेक्टर 8 में तैनात महिला ASI नीलम ने मानसिक रूप से कमजोर एक 44 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले 39 वर्षीय आरोपी रजत को 24 घंटे में बडौली गाँव से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी अपनी इको फोर्ड गाड़ी लेकर सेक्टर 7 की तरफ जा रहा था और मानसिक रूप से कमजोर महिला को देखकर उसके साथ अपनी गाड़ी में दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था और वारदात के बाद गाड़ी लेकर फरार हो गया। महिला पुलिसकर्मी ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गाड़ी की पहचान की तथा तकनिकी व् सूत्रों की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

4. थाना एनआईटी में तैनात मुख्य सिपाही प्रमोद 10 दिसम्बर की शाम हवलदार इंदरजीत करीब 8 बजे भगत सिंह चौक पर गस्त कर रहे थे, टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि दो संदिग्ध लडके मोटरसाइकिल पर नीलम चौक के पास खडे हैं और किसी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। सुचना पर मुख्य सिपाही इंद्रजीत नीलम चौक पर पहुंचे तभी थाना एनआईटी एमएचसी प्रमोद नीलम चौक के पास मिले। पुलिस टीम ने मुख्य सिपाही प्रमोद को सूचना के संबंध में बताया तो वह भी उनके साथ आरोपी को काबू करने के लिए चल दिए। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी मोटरसाइकिल पर भागने लगे। पुलिस टीम के द्वारा आरोपियो को काबू करने के लिए दौडा तो मुख्य सिपाही प्रमोद (एमएचसी) ने आरोपी को काबू किया। एक आरोपी को काबू करते समय मोटरसाइकिल से गिर गया और मुख्य सिपाही प्रमोद का हाथ आरोपी के निचे दब गया और हाथ में चोट लग गई जिससे हाथ में फ्रैक्चर हो गया लेकिन आरोपी को काबू कर लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से देसी कट्टा व 2 जिंदा रोंद और 52 ङ्गरू कार्ड व 300 रुपये बरामद हुए है। आरोपी पर पूर्व में अवैध हथियार, एटीएम कार्ड बदलकर फ्रॉड करने के व स्नैचिंग के 8 मामले पलवल और फरीदाबाद में दर्ज हैं।

5. थाना धौज में तैनात मुख्य सिपाही गजेश 13 दिसम्बर को गस्त पर थे। पुलिस टीम को गुप्त सूत्रो से सरकारी अस्पताल कल्लर कॉलोनी के पास गाय काटने की सूचना मिली, सूचना पर पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर रेड कर आरोपी लियाकत को काबू कर लिया और कटी हुई गाय व् वारदात में प्रयोग 1 कुल्हाड़ी, 2 छुरी, 1 रस्सा और मास डालने वाले 6 थैले बरामद किए गए।

क्राइम ब्रांच सेंट्रल की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल किया बरामद

फरीदाबाद की आवाज

फरीदाबाद। डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा द्वारा अपराध अधिकतर वारदातों में शामिल अपराधियों की धरपकड़ के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर सेंट्रल प्रभारी दीपक लोहान की टीम ने चोरी के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम अमन (23) है जो बिहार के मुंगेर एरिया का रहने वाला है और फिलहाल बल्लभगढ़ के आदर्श नगर एरिया में रह रहा है। आरोपी ने दिनांक 3 जनवरी की शाम आदर्श नगर एरिया के ठेके के पास से एक लड़के की जेब से मोटरसाइकिल की चाबी और मोबाइल फोन चोरी किया तथा उसके स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और फोन को लेकर फरार हो गया। इस मामले में आदर्श नगर थाने में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू की गई। क्राइम ब्रांच की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी को चोरी की मोटरसाइकिल सहित आईएमटी पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है और नशा करने का आदी है। आरोपी के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल तथा मोबाइल फोन बरामद करने के पश्चात उसे अदालत में पेश किया गया

ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशेष अभियान के तहत लेन चेंज नियमों का उल्लंघन करने वाले 73 वाहन चालको के काटे चालान

फरीदाबाद की आवाज

फरीदाबाद। पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के निर्देशानुसार व डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के नेतृत्व में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए एक विशेष अभियान के तहत आज भारी वाहनों के रॉन्ग लेन/लाईन चेंज वाहन चालको के चालान काटे गए है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि सड़क पर यातायात के दौरान होने वाली दुर्घटना में कमी लाने के लिए फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान, चालान काटकर जुर्माना लगाने के साथ-साथ वीडियो वेन के माध्यम से भी स्कूल, कॉलेज व आम जनता में



जाकर भी जागरूकता अभियान किए जाते हैं। लेन चेंज के बारे में उन्हें बताया जाता है कि भारी वाहन चालक अपनी लेन में ड्राइविंग करे ताकि यातायात व्यवस्था सुगम बना रहे। सड़क पर सबसे लेफ्ट वाली लेन भारी वाहनों के लिए होती है। जो भारी वाहन अपनी लाईन में ना चलके अन्य लाईन में चल रहे थे उनके चालान काटे गए है। सड़क पर अक्सर देखा गया है कि वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर एक्सीडेंट जैसी घटनाएं घटित हो जाती हैं जिसके कारण कई बार वाहन चालकों के साथ-साथ यातायात कर रही आम जनता भी सड़क दुर्घटना का शिकार होती है । सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए फरीदाबाद पुलिस की अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें और अपनी मंजिल तक सुरक्षित पहुंचे तथा दूसरों को सुरक्षित पहुंचाने में उनका सहयोग करें।

खाटू श्याम मंदिर से पैसे चोरी करने वाले आरोपी चोर को गिरफ्तार कर क्राइम ब्रांच सेंट्रल ने सुलझाए चोरी के 6 मामले

फरीदाबाद की आवाज

फरीदाबाद। डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेंट्रल प्रभारी दीपक लोहान की टीम ने मंदिर से चोरी करने वाले शातिर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम संदीप है जो राजस्थान के भरतपुर एरिया का रहने वाला है और फिलहाल गुड़गांव के नाहरपुर में रह रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी को चोरी का मंगलसूत्र बेचने की फिराक में घूम रहे आरोपी को मुजेसर फाटक से गिरफ्तार किया था। आरोपी को थाने लाकर मामले में गहनता से पूछताछ की गई तो सामने आया कि आरोपी बहुत ही शातिर किस्म का चोर है जिसने आदर्श नगर एरिया में स्थित श्याम कॉलोनी में खाटू श्याम मंदिर से 30/31 दिसंबर की रात ?15000 चोरी किए थे। इसके अलावा आरोपी ने एक घर से मंगलसूत्र और सोने की चेन चोरी की थी। एक जगह से गाड़ी का टायर व रिम, एक पुजारी से चांदी का लोटा, मोटरसाइकिल, इत्यादि चोरी किया था जिसके लिए आरोपी के खिलाफ चोरी के तीन मुकदमे आदर्श नगर थाने में, दो सेंट्रल तथा एक मुकदमा सेक्टर 8 में दर्ज है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदी है और नशे की आपूर्ति के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए सामान में से 1 मोटरसाइकिल, 1 सोने का मंगलसूत्र तथा बेचे गए सामान से प्राप्त पैसों में से 34000 बरामद किए गए हैं। आरोपी के खिलाफ इससे पहले भी चोरी के कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

दक्षिण के साथ मिलकर चलेंगे तो अच्छा

90 के दशक में सुपर स्टार रहे गोविंदा का मानना है कि आज की फिल्में हॉलीवुड से प्रेरित हैं। उसी तरह की भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने 100 करोड़ी क्लब, स्टार किड्स के स्ट्रगल और अपने कम बैक पर खास बातचीत की।

आज कल की फिल्मों या OTT पर आ रही वेब सीरीज के जो सब्जेक्ट हैं उनमें गैंगवार या क्राइम बेस्ड चीजें अधिक हैं,ऐसा क्यों हो रहा है?

थोड़ा कहने का अलग तरीका मेकर्स ने अपनाया है। उनकी सोच जो है वह वर्ल्ड लेवल पर जिस तरह से भाषा का इस्तेमाल पहले सिनेमा करता था अमेरिका में, वही गाली गलौज दिखाई जा रही है, सोचा गया कि लोग एक्सेप्ट करेंगे कि नहीं, मगर लोग एक्सेप्ट कर रहे हैं ये बड़ा सोचने वाला विषय है।

100 करोड़ क्लब, अब तो 1000 करोड़ क्लब भी होने लगा है, अपने समय को कैसे याद करते हैं?

मुझे चक्कर आ जाता है सुनकर कि किसी फिल्म ने इतने सौ, उतने सौ करोड़ कमा लिए। हमने तो बड़ी मेहनत की, चंद लाखों तक पहुंचाने में भी समय और बहुत मेहनत लगती थी। जैसा यह इजी है लगता है ऐसा नहीं है। स्टार्स किड्स की तो बहुत खिंचाई होती है। उन पर बोझ होता है पैरेंट्स की तरह अच्छा काम करने का।

अब लोग थिएटर जाकर फिल्में देखने लगे हैं, वजह क्या मानते हैं?

जवाब- मैंने बहुत पहले ही कह दिया था कि साउथ इंडस्ट्री के साथ में मिलकर हम आगे निकलेंगे तो अच्छा रहेगा। दक्षिण जो है वह धर्म की पूरी नींव पकड़कर चलता है और वह इसलिए हिलता नहीं है। अब जो सिनेमा देख रहे हैं उसके डायरेक्टर सब साउथ के हैं। हमारे इस तरफ वाले में जितने डायरेक्टर्स हैं, उन्हें भी प्रेरणा मिलेगी। वह भी ऐसे ही डिफरेंट टाइप ऑफ सिनेमा प्रस्तुत करने लगेंगे अच्छा है आगे निकलेंगे यह शुभ है।

लोग आपको मिस करते हैं कि गोविंदा को वापस आना चाहिए?

मैं चाह रहा हूं वैसा, मुझे मिल नहीं रहा है। जो मिल रहा है वह मैं नहीं ले रहा हूं, एक्सेप्ट नहीं कर रहा हूं। आदरणीय अमिताभ बच्चन जी के साथ मैंने देखा था, उनके लिए बड़ा टफ हो गया था जिस वक्त वो लौटने वाले थे। मेरे साथ तो टफ का टफ का टफ होता जा रहा है। शायद हम लोग नीचे के तबके से आए हुए हैं, इसलिए हमारी ज्यादा खिंचाई हो रही है। बिना नाम लिए बड़े फिल्ममेकर्स के लिए गोविंदा बोले, ऊपर के जो लोग हैं, व्यापारी लोग, हमारे मित्रगण वो मिलेंगे तो प्रेम बहुत करते हैं। कहते है समय आएगा तो मिलेंगे गोविंद तुमसे, वो समय का इंतजार कर रहे हैं।

क्या डायरेक्शन-प्रोडक्शन में जाने का आपका कोई इरादा?

बहुत ही जल्द ऐसा आएगा, हमारे प्रोडक्शन के तरफ से न्यूज बिल्कुल आएगी कि हम उसे तरफ निकले हैं आगे। और कोई दूसरा काम व्यापार तो है नहीं मेरा, पॉलिटिक्स से मैं बाहर निकल चुका हूं तो और क्या करूं यही करूंगा।

तेलुगु फिल्मों में होगा शिवा राजकुमार का डेब्यू

कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के अनुभवी सुपरस्टार शिवा राजकुमार पहली बार तेलुगु फिल्म में नजर आने के लिए तैयार हैं। शिवन्ना, मेगास्टार चिरंजीवी के साथ एक मजबूत रिश्ता रखते हैं। उन्होंने अब राम चरण की आगामी फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सहमति दे दी है। अभिनेता ने खुद बुच्ची बाबू सना की आरसी 16 से जुड़ने की पुष्टि की है। एक इंटरव्यू के दौरान, शिवा राजकुमार ने बुच्ची बाबू सना द्वारा निर्देशित आगामी फिल्म आरसी 16 में अपनी भागीदारी का खुलासा किया। सुपरस्टार ने कहा, मैंने दो फिल्मों में अभिनय करने का वादा किया है, एक तमिल भाषा में और दूसरी तेलुगु भाषा में। तेलुगु फिल्म में राम चरण हैं। जब फिल्म के निर्देशक के बारे में पूछा गया, तो शिवन्ना ने पुष्टि की कि इसका निर्देशन वास्तव में उप्पेना के निर्देशक द्वारा किया जाएगा। शिवा राजकुमार के बयान के बाद आरसी16 में उनकी भूमिका की पुष्टि सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से फैल गई है। राम चरण के साथ बुच्ची बाबू सना की आरसी 16 के निर्माता फिल्म के कलाकारों और चालक दल के बारे में चुप्पी साधे हुए हैं। जबकि अफवाहें चल रही थीं कि स्पोर्ट्स ड्रामा में कलाकारों की टोली शामिल होगी। कन्नड़ स्टार शिवा राजकुमार ने ताजा इंटरव्यू में फिल्म से जुड़ने की पुष्टि कर फैंस का उत्साह बढ़ा दिया है। कन्नड़ सुपरस्टार ने गत वर्ष प्रदर्शित हुई और ब्लॉकबस्टर रही रजनीकांत की फिल्म जेलर में एक कैमियो भूमिका निभाई थी। अपने उग्र प्रदर्शन के लिए प्रसिद्ध, शिव राजकुमार के शामिल होने से राम चरण और बुच्ची बाबू की आगामी फिल्म को लेकर प्रचार बढ़ जाएगा, जिसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। राम चरण आखिरी बार एसएस राजामौली की आरआरआर में जूनियर एनटीआर और आलिया भट्ट के साथ नजर आए थे। वह जल्द ही शंकर की पहली तेलुगु फिल्म गेम चेंजर में दिखाई देंगे, जिसमें कियारा आडवाणी उनकी को-स्टार होंगी। फिल्म की शूटिंग जारी है और उम्मीद है कि फिल्म इस साल के अंत में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

इंडियन पुलिस फोर्स में नहीं होंगे इंटीमेट सीन और अपशब्द

रोहित शेट्टी अपनी आगामी वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स से ओटीटी पर अपने निर्देशन की शुरुआत करने जा रहे हैं। इस शो को लेकर हर तरफ लगातार चर्चाएं चल रही हैं। पांच जनवरी को इसका ट्रेलर जारी किया गया था, जिसे जनता का भरपूर प्यार मिला है। इस बीच हाल ही में रोहित ने खुलासा किया कि उनके वेब शो में कोई अश्लील सीन नहीं है, क्योंकि वे भारतीय संस्कृति का सम्मान करते हैं और अपने मुख्य दर्शकों को असहज नहीं करना चाहते हैं। एक पॉडकास्ट में रोहित ने कहा कि इंडियन पुलिस फोर्स में सिवाय कुछ एपिसोड्स के अपशब्द भी नहीं हैं। निर्देशक ने बताया कि कुछ ऐसे सीन हैं जहां पुलिस के किरदारों के लिए उस तरह से बोलना जरूरी था। उन्होंने कहा, इसके अलावा इसमें कोई अश्लीलता नहीं है। हमारी भारतीय संस्कृति अलग है। हमारे बीच अभी भी बहुत सम्मान है और हम इसके लिए जाने जाते हैं। जो लोग ऐसा कुछ बना रहे हैं, वे कुछ भी गलत नहीं कर रहे हैं, लेकिन मुझे अपनी कोर ऑडियंस को असहज नहीं करना चाहता हूं। इस बारे में बात करते हुए कि उन्होंने परिवार-अनुकूल फिल्मों के महत्व को कैसे सीखा, रोहित ने बताया कि एक बार जब वे हवाई अड्डे पर थे, तो एक महिला उनके पास आई और चेन्नई एक्सप्रेस बनाने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। महिला ने उन्हें बताया कि उनकी ढाई साल की बेटी है और उन्हें जब दिन में घर के कामों से फुर्सत नहीं मिलती है, तब वे अपनी बेटी को व्यस्त रखने के लिए चेन्नई एक्सप्रेस फिल्म चला देती हैं। फिल्मकार आगे अपनी बात जारी रखते हुए कहा कि जब उन्होंने ओटीटी पर काम शुरू किया, तो वे जानते थे कि वे इसमें कोई भी अश्लीलता नहीं रखनी है। रोहित ने कहा, मैं चाहता हूं कि सूर्यवंशी के दर्शक आएं और इस शो को देखें। उन्हें कोई भी असुविधा नहीं होनी चाहिए।

भुल भुलैया-3 में विद्या बालन की वापसी

विद्या बालन और अक्षय कुमार की फिल्म 'भूल भुलैया' की सफलता के बाद 'भूल भुलैया 2' में कार्तिक आर्यन के साथ कियारा आडवाणी की जोड़ी बनी थी। इस फिल्म में तब्बू लीड एक्ट्रेस थीं। यह फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर सफल साबित हुई थी। अब 'भूल भुलैया' और 'भूल भुलैया-2' की बंपर सफलता के बाद फिल्म के मेकर्स इसके तीसरे सीक्वल पर काम कर रहे हैं। 'भूल भुलैया-3' को लेकर खास खबर सामने आई है। खबर है कि कार्तिक आर्यन बेहद जल्द फिल्म की शूटिंग शुरू कर देंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स ने कार्तिक के साथ 'भूल भुलैया 3' का हिस्सा बनने के लिए विद्या बालन से संपर्क किया है क्योंकि तब्बू अब फिल्म का हिस्सा नहीं होंगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि विद्या बालन ने अभी फिल्म साइन नहीं की है लेकिन वह इस भूमिका को निभाने के लिए काफी उत्सुक हैं। कथित तौर पर इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि अभिनेत्री अनीस बज़्मी निर्देशित फिल्म में शामिल होंगी। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा या पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले, खबरें थीं कि सारा अली खान आने वाली इस फिल्म में कार्तिक के साथ अभिनय करेंगी।

एक रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म 'भूल भुलैया-3' इसी साल मार्च में फ्लोर पर जाएगी। फिल्म को लेकर हाल ही में फिल्म के प्रोड्यूसर भूषण कुमार, निर्देशक अनीस बज़्मी और एक्टर कार्तिक आर्यन ने मीटिंग की। इस फिल्म को फ्लोर पर लाने के लिए सभी तैयार हैं। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि प्रोड्यूसर भूषण कुमार ने साझा किया कि भूल भुलैया फ्रेंचाइजी उनके दिलों में एक विशेष स्थान रखती है। इसके लिए वह अनीस जैसे क्रिएटिव माइंड और कार्तिक जैसे शानदार टैलेंटेड एक्टर संग फिर काम करने के लिए काफी बेताब हैं। उन्होंने अपने दिल की बातें बताते हुए कहा था कि हम साथ मिलकर एक बार फिर से एक सिनेमाई अनुभव देने के लिए तैयार हैं जो फ्रेंचाइजी के ओहदे को और बढ़ा देगा। इसके साथ ही दर्शकों के लिए हंसी और रोमांच को दोगुना कर देगा। दूसरी ओर, अनीस ने भी कहा कि वह भूल भुलैया की दुनिया को आगे बढ़ाने के लिए रोमांचित हैं। पिछली किस्त में, रूह बाबा सबसे पसंदीदा किरदार बन गया था और दर्शकों के आनंद के लिए इसे और भी बेहतर बनाना एक मजेदार और रोमांचक चुनौती होगी।

मायने रखती है व्यावसायिक सफलता, इसे ही प्रमुखता न दें फिल्म निर्माता

फिल्म निर्देशक राजकुमार हिरानी ने अपने द्वारा निर्देशित फिल्म 'डंकी' के बारे में कहा है कि व्यावसायिक सफलता मायने रखती है, लेकिन फिल्म निर्माता केवल इसी चीज को प्रमुखता नहीं दे सकते। उन्होंने कहा कि वह इस बात से खुश हैं कि लोगों ने ऐसे समय में एक मानवीय कहानी बताने के उनके प्रयासों की सराहना की है, जब लोग एक्शन फिल्मों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। शाहरुख खान अभिनीत 'डंकी' 'पठान' और 'जवान' के बाद आई है। 'डंकी' एक सौम्य फिल्म है जिसमें तापसी पन्नू, विक्की कौशल और बोमन ईरानी भी हैं। इसने 300 करोड़ रुपए कमाए हैं। हालांकि यह फिल्म 'पठान' और 'जवान' के बराबर सफल नहीं है। हिरानी ने कहा कि व्यावसायिक सफलता मेरे लिए भी मायने रखती है, लेकिन मैं पूरी तरह इसे ही प्रमुखता न देने की कोशिश करता हूं, क्योंकि जब आप व्यावसायिक सफलता को ध्यान में न रखते हुए काम करते हैं तब उस तरह की फिल्म बनाना शुरू कर देते हैं जैसी फिल्म आप बनाना चाहते हैं।

'डेडली' में विलेन बनेंगे वरुण प्रोड्यूसर होंगे करण जौहर

टाइगर श्रॉफ-वरुण धवन और जान्हवी कपूर एक साथ फिल्म 'डेडली' में नजर आने वाले हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर करण जौहर होंगे। वहीं फिल्म का डायरेक्शन राज मेहता करेंगे। डेडली की कहानी अनुराग कश्यप लिख रहे हैं। इस फिल्म में पहली बार जान्हवी और टाइगर की जोड़ी देखने को मिलेगी। फिल्म में वरुण धवन विलेन का किरदार निभाते नजर आएंगे। डायरेक्टर राज मेहता इससे पहले गुड न्यूज और जुग जुग जीयो जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं।

इन फिल्मों में नजर आएंगी जान्हवी

जान्हवी कपूर के पास इस साल कई फिल्में हैं। इस साल वो जूनियर एनटीआर की देवरा, राजकुमार राव के साथ मिस्टर एंड मिसेज माही और गुलशन देवैया के साथ उलझ में काम करेंगी। बता दें कि हाल ही में खबर आई थी कि जान्हवी करण जौहर की 'दुल्हनिया 3' में नजर आएंगी। बहरहाल, बाद में करण जौहर ने इस बात से इनकार कर दिया था। इस फिल्म में आलिया भट्ट बतौर एक्ट्रेस नजर आएंगी। टाइगर श्रॉफ अक्षय कुमार के साथ बड़े मियां छोटे मियां की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। दूसरी ओर, वरुण धवन भेड़िया 2, सिटाडेल इंडिया और तमिल फिल्म थेरी की रीमेक में दिखाई देंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वरुण आने वाले दिनों में हॉलीवुड सीरीज सिटाडेल के हिंदी रीमेक में दिखेंगे। उनके साथ सामंथा रुथ प्रभु भी दिखाई देंगी। हालांकि रिलीज डेट को लेकर अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इसे राज एंड डीके द्वारा बनाया जा रहा है। हॉलीवुड सीरीज सिटाडेल में प्रियंका चोपड़ा और रिचर्ड मैडेन को लीड रोल में देखा गया था। इंटरनेशनल लेवल पर इस सीरीज को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। वरुण धवन इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म में वरुण के अलावा कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी भी हैं। फिल्म में वरुण फुल एक्शन अवतार में देखने को मिलेंगे।

कन्नड़ सिनेमा में धमाकेदार डेब्यू करेंगी करीना

करीना कपूर अब तक बॉलीवुड में काम करती आई हैं, पर अब वह भी साउथ फिल्मों में काम करना चाहती हैं। ऐसा लगता है कि उन्होंने इस दिशा में कदम भी बढ़ा दिया है। खबर है कि वह यश की फिल्म से कन्नड़ सिनेमा में डेब्यू करने वाली हैं। वह यश स्टारर टॉक्सिक में नजर आएंगी। मेकर्स ने कुछ दिन पहले ही यश की नई फिल्म की अनाउंसमेंट की थी, जिसका नाम टॉक्सिक है। इसे गीतू मोहनदास डायरेक्ट करेंगी। टॉक्सिक करीना की यश के साथ पहली फिल्म होगी और मेकर्स जल्द ही इसकी अनाउंसमेंट करेंगे। बताया जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग कुछ ही हफ्तों में शुरू होगी। कुछ दिन पहले ही मेकर्स ने एक वीडियो जरिए फिल्म का नाम अनाउंस किया था। इसके साथ ही यश का काउबॉय लुक रिवील किया गया था, जिसमें वह कंधे पर मशीन गन रखे और सिगार पीते नजर आए। वीडियो में डीसी कॉमिक्स के भी कुछ किरदार दिखे थे। टॉक्सिक के लिए करीना कपूर से पहले साई पल्लवी और उनसे पहले राशि खन्ना के नाम की चर्चा थी। हालांकि अब करीना का नाम कन्फर्म बताया जा रहा है। लेकिन अभी ऑफिशियल अनाउंसमेंट के लिए इंतजार करना होगा।

अगर हम यह कहें कि बनारस इतिहास, सभ्यता, मिथक और दंतकथाओं से भी पुराना है, तो यह गलत न होगा। वाराणसी को यह नाम यहां पर स्थित दो नदियों के कारण दिया गया, वरुण और असि।

इतिहास से भी पुराना बनारस

यह कहना शायद मिथ्या होगी कि विश्व में ऐसा कोई हिन्दू है, जो कि उत्तरप्रदेश में गंगा नदी के पावन तट पर बसे काशी विश्वनाथ की नगरी वाराणसी के बारे में नहीं जानता। वाराणसी के साथ ही साथ इसे बनारस और काशी के नाम से भी जाना जाता है, जो कि विश्व के प्राचीनतम नगरों में से एक है। अगर हम यह कहें कि बनारस इतिहास, सभ्यता, मिथक और दंतकथाओं से भी पुराना है, तो यह गलत न होगा। वाराणसी को यह नाम यहां पर स्थित दो नदियों के कारण दिया गया, वरुण और असि। यह दोनों नदियां काशी में गंगा में समाहित हो जाती है, जिस कारण से इसका नाम वाराणसी पड़ा। पुराणों के अनुसार काशी का निर्माण स्वयं भगवान शिव और देवी पार्वती के द्वारा किया गया था और इसीलिये इसे तीर्थों का तीर्थ समझा जाता है।

कहां ठहरें

होटल ताज गंगेज़, होटल सिद्धार्थ, होटल गौतम ग्रैंड, होटल इंडिया, प्रीति गेस्ट हाउस, अम्बिका लॉज, होटल मोती महल

कब जाएं

वैसे तो वाराणसी का मौसम हर समय सुहाना रहता है, लेकिन अगर आप वाराणसी जाना चाहते हैं, तो सबसे अच्छा समय सितंबर से मार्च को होगा, जब आप बारिश या गर्मी की समस्या के बिना आराम से पूरा नगर घूम सकते हैं।

कैसे पहुंचें

रेल द्वारा: वाराणसी भारतीय रेलवे का एक मुख्य स्टेशन है। भारत के कई प्रमुख नगरों से वाराणसी के लिये सीधी ट्रेनें उपलब्ध रहती है। इसके अतिरिक्त वाराणसी से मात्र 16 किमी की दूरी पर स्थित मुगलसराय एक अन्य निकटतम प्रमुख स्टेशन है, जो कि भारत का सबसे बड़ा रेलवे यार्ड है।

सड़क द्वारा: वाराणसी एनएच 2, एनएच 7 और एनएच 29 के द्वारा भारत के सभी प्रमुख नगरों से जुड़ा हुआ है। उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्यप्रदेष के सभी निकटतम प्रमुख नगरों से बस सेवा भी उपलब्ध रहती है। इसके अतिरिक्त आप निजी वाहन का प्रयोग भी कर सकते हैं।

वायुयान द्वारा: बाबतपुर एयरपोर्ट वाराणसी का प्रमुख एयरपोर्ट है, जो कि वाराणसी से 18 किमी की दूरी पर स्थित है।

क्यों देंखें

चौरासी घाट: पवित्र गंगा नदी के तट को कुल चौरासी घाटों में विभाजित किया गया है, जिनमें स्नान करके शुद्ध होने के बाद ही श्रद्धालु काशी विश्वनाथ के दर्शन को जाते हैं। वैसे तो लगभग सभी घाटों का कोई न कोई ऐतिहासिक महत्व है, लेकिन कुछ घाट ऐसे भी है, जो कि धार्मिक रूप से भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। जैसे, काशी विश्वनाथ मंदिर के सबसे निकट स्थित दशाश्वमेध घाट के लिये माना जाता है कि यहां पर भगवान ब्रह्मा ने दस अश्वों की बलि दी थी। मणिकर्णिका घाट के लिये यह माना जाता है कि शिव के नृत्य करते समय यहीं पर उनके कान की मणि गिरी थी। हरिश्चन्द्र घाट के लिये यह किवदंती है कि इस घाट पर स्थित श्मशान पर ही राजा हरिश्चन्द्र काम किया करते थे। काशी का सबसे पहला घाट अस्सि घाट है और सबसे आखिरी आदि केशव घाट जिसे वेदेश्वर घाट भी कहते हैं। गंगा दशहरा के दिन यहां एक शोभायात्रा का आयोजन किया जाता है, जो कि अस्सि घाट से वेदेश्वर घाट तक जाती है।

काशी विश्वनाथ: बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक काशी विश्वनाथ का मंदिर भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में स्थित भगवान शिव के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। इस मंदिर की प्राचीनता का अंदाजा लगाना तो आज भी संभव नहीं है क्योंकि इस मंदिर का वर्णन पुराणों में भी किया गया है। वैसे तो इस मंदिर को कई बार क्षतिग्रस्त किया गया और कई बार इसका पुनर्निर्माण भी करवाया गया, लेकिन वर्तमान मंदिर का निर्माण इंदौर की महारानी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा सन् 1780 में करवाया गया था, जिसके बाद सन् 1835 में पंजाब के राजा महाराज रणजीत सिंह जी द्वारा इस मंदिर के गुंबदों पर करीब एक हजार किलोग्राम सोना लगवाया गया।

संकटमोचन मंदिर: काशी में असि नदी के किनारे रामभक्त हनुमान के सबसे पवित्र मंदिरों में से एक संकटमोचन मंदिर है। इस मंदिर का निर्माण गोस्वामी तुलसीदास के द्वारा करवाया गया था। हनुमान जी को संकटमोचन के नाम से भी जाना जाता है, जिसका अर्थ है सभी संकटों को हरने वाला। इस मंदिर को वानर मंदिर के नाम से भी जाना जाता है क्योंकि यहां पर कई मंदिर है, जिन्हें प्रसाद दिए बिना आपका मंदिर से बाहर जा पाना मुश्किल है।

भारत माता मंदिर: वाराणसी का भारत मंदिर भारत माता को समर्पित किया गया एक मंदिर है। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कैंपस में स्थित इस मंदिर का निर्माण बाबू शिव प्रसाद गुप्ता जी के द्वारा करवाया गया था, जिसका उद्घाटन सन् 1936 में महात्मा गांधी के हाथों से हुआ था। इस मंदिर में संगमरमर का बना भारत का एक नक्काशीदार मानचित्र है।

तुलसी मानस मंदिर: तुलसी मानस मंदिर का निर्माण वाराणसी के नागरिकों द्वारा किया गया था। यह मंदिर मूलरूप से भगवान राम और उनके जीवनचरित्र को समर्पित है। ऐसा कहा जाता है कि इस मंदिर का निर्माण उसी स्थान पर करवाया गया है, जहां पर गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना की थी। इस मंदिर में एक रामचरितमानस का वर्णन करती हुई एक विद्युत प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाता है।

बिड़ला मंदिर: बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के एक भाग के रूप में स्थित नए विश्वनाथ मंदिर को ही बिड़ला मंदिर कहते हैं। पंडित मदन मोहन मालवीय द्वारा योजनाबद्ध किये गये इस मंदिर का निर्माण भारत के अत्यंत प्रतिष्ठित औद्योगिक घराने बिड़ला परिवार द्वारा करवाया गया था। इस मंदिर के द्वार हर धर्म के लोगों के लिये खुले हैं।

कालभैरव मंदिर: कालभैरव मंदिर मुख्य पोस्ट ऑफिस विश्वेश्वरगंज के पास स्थित एक प्राचीन मंदिर है। ऐसा कहा जाता है कि कालभैरव काशी के रखवाले हैं और उनकी आज्ञा के बिना कोई भी बनारस में ठहर नहीं सकता है। इसीलिये उन्हें वाराणसी का कोतवाल भी कहते हैं।

सारनाथ: वाराणसी से करीब 15 कि.मी. की दूरी पर स्थित सारनाथ भगवान बुद्ध को समर्पित है। सारनाथ बौद्ध धर्म का धार्मिक केन्द्र और चार तीर्थों में से एक है। बोधगया में ज्ञान की प्राप्ति के बाद भगवान बुद्ध ने सारनाथ में ही अपने पांच शिष्यों को अपने पहले उपदेश दिये थे। सारनाथ में प्रवेश करते ही सबसे पहला महत्वपूर्ण स्थान चौखंडी स्तूप स्थित है, जिसका निर्माण सम्राट अशोक द्वारा करवाया गया था। धमेक स्तूप भी अत्यंत महत्वपूर्ण स्तूप है और इसी के पास स्थित मूलगंध कुटि विहार भी स्थित है, जो कि एक बौद्ध मंदिर है। इसके अतिरिक्त सारनाथ में अन्य कई बौद्ध मंदिर भी है, जैसे कि चीनी मंदिर, तिब्बती मंदिर, जापानी मंदिर आदि। सारनाथ संग्रहालय भी सारनाथ के प्राचीन इतिहास का एक झरोखा देखने के लिये एक अच्छा स्थान है।

रामनगर: वाराणसी से मात्र 14 किमी की दूरी पर रामनगर स्थित है, जो कि रामनगर किले के लिये प्रसिद्ध है। गंगा नदी के किनारे इस किले का निर्माण सन् 1750 में वाराणसी के राजा के द्वारा करवाया गया था, लेकिन यह आज अपने संग्रहालय के लिये प्रसिद्ध है, जिसमें विंटेज कार, शाही पालकी, तलवारें, बंदूकें आदि सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त भी वाराणसी में कई अन्य महत्वपूर्ण स्थान है, जैसे कि अन्नपूर्णा मंदिर, भारत कला भवन, काशी विद्यापीठ, दुर्गा मंदिर, जैन मंदिर आदि।



रिपोर्ट में खुलासा : कोहरे और धुंध में बहुत कम होते हैं सड़क हादसे

नई दिल्ली। भले ही कोहरे और धुंध में कम दिखाई देता है इसके बाद भी सड़क हादसे कम होते हैं। इसी तरह बारिश में भी वाहनों के फिसलने की आशंका ज्यादा होती है फिर उतने ज्यादा हादसे नहीं होते हैं जितने गर्मी के मौसम में होते हैं। एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि कोहरे और धुंध के साथ हो रही बारिश के बाद भी हादसे कम ही होते हैं। वजह ये है कि ऐसे मौसम में लोग ज्यादा सावधानी से वाहन चलाते है। जबकि गर्मी के मौसम में लोग ज्यादा तेज गति से वाहन चलाते हैं और हादसों का संख्या बढ़ जाती है। सड़क परिवहन मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार एक वर्ष में कुल 412432 सड़क हादसों में 168491 लोगों की मौत हुई है। इसमें सबसे ज्यादा सड़क हादसे मई और जून में हुए हैं। मई में 43307 और जून में 39432 हादसे हुए हैं। इनमें मई में 16791 और जून में 14762 की मौत हुई हैं। वहीं, जनवरी में सबसे ज्यादा कोहरा होता है। इस माह 37040 सड़क हादसों में 13677 लोगों की मौत हुई है। यानी पूरे साल में मई में सबसे ज्यादा सड़क हादसे होते हैं. जब मौसम बिल्कुल साफ होता है। आखिर साफ मौसम में सबसे ज?यादा हादसे क्यों होते हैं, असल वजह ट्रांसपोट्र एक्सपर्ट से जानते हैं। सेव लाइफ फाउंडेशन के फाउंडर और सीईओ पीयूष तिवारी के अनुसार साफ मौमस में सड़क हादसे अधिक होने का एक कारण यह भी होता है कि लोग इस मौमस में स्पीड से गाड़ी चलाते हैं, जबकि कोहरे और बारिश में सावधानी से गाड़ी चलाते हैं। इस वजह से हादसे कम होते हैं। वहीं, सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टीट्यूट के साइंटिस्ट डा. वेलमूगन बताते हैं कि जहां ट्रैफिक अधिक होगा, सड़क हादसे होने की आशंका सबसे अधिक वहीं होगी। कोहरे में कम संख्या में लोग वाहन चलाते हैं इसलिए हादसे भी कम होते हैं, जबकि मई में बच?चों की छुट्टियां शुरू होती है और लोग एक साथ गांव या घूमने निकलते हैं।

दिल्ली में सीजन का सबसे ठंडा दिन

–बिहार में स्कूल बंद; पंजाब, हरियाणा में शीतलहर का रेड अलर्ट

नई दिल्ली । उत्तर भारत के कई राज्यों तेज सर्दी बनी हुई है। दिल्ली में शनिवार को इस सर्दी के मौसम की सबसे ठंडी सुबह दर्ज की गई। मिनिमम टेम्परेचर गिरकर 3.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। कोहरे की वजह से दिल्ली से चलने वाली या वहां पहुंचने वाली 18 ट्रेन 1 से 6 घंटे की देरी से चल रही हैं। इधर, हरियाणा के हिसार के बालसमंद में न्यूनतम तापमान 0.4 डिग्री दर्ज किया गया। उत्तर प्रदेश के कानपुर में पारा 3.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा में कोहरे के साथ–साथ कोल्ड वेव और पाला पडऩे का अलर्ट है।

बिहार में 16 जनवरी तक स्कूल बंद

बिहार में ठंड को देखते हुए पटना में 8वीं तक के सभी स्कूलों में 16 जनवरी तक छुट्टी कर दी गई है। मुधबनी में 5वीं तक के स्कूलों को भी 16 जनवरी तक बंद करने का फैसला किया गया है।

गुवाहाटी फ्लाइट की बांग्लादेश में लैंडिंग

गुवाहाटी । मुंबई से गुवाहाटी जाने वाली इंडिगो फ्लाइट की शनिवार को बांग्लादेश के ढाका में लैंडिंग कराई गई। गुवाहाटी में घने कोहरे के कारण फ्लाइट लैंड नहीं हो सकी और उसे डायवर्ट किया गया। इस फ्लाइट में 178 पैसेंजर्स सवार थे। चूंकि डोमेस्टिक फ्लाइट होने के कारण सभी यात्री बिना पासपोर्ट के सफर कर रहे थे, इसलिए ढाका में उन्हें फ्लाइट से उतरने की इजाजत नहीं मिली। इसके कारण यात्रियों को 12 घंटे फ्लाइट के अंदर ही बैठना पड़ा।

होटल के किराये से महंगी होने के बावजूद पतंगबाजों ने बुक करवाईं अहमदाबाद की छतें

अहमदाबाद । शहर की छतों पर पतंगबाजी के किराए में दो गुनी से अधिक वृद्धि हो गई है7 पहले 5 से 10 हजार में पतंगबाजों को छत उपलब्ध हो जाती थी। लेकिन अब यह किराया बढ़कर 15 से 25 हजार रुपए पहुंच गया है। अहमदाबाद में उत्तरायण मनाने का कुछ अलग ही अंदाज दिखता है। खासकर पुराने अहमदाबाद में आसमान रंग बिरंगे पतंगों से पटा दिखता है। पुराने अहमदाबाद में पतंगबाजी किसी यादगार समय से कम नहीं है। यही वजह है कि पिछले कुछ वर्षों से पुराने अहमदाबाद में छत किराये पर देने की दौर शुरू हुआ जो लगातार बढ़ता गया। हांलाकि महंगाई का असर छत के किराए पर भी देखने मिल रहा है। कभी दो दिन के लिए रु.5 से रु. 10 हजार में छत किराए पर मिलती थी। लेकिन इस बार पुराने अहमदाबाद में छतों का किराया रु. 15 से रु. 25 हजार तक पहुंच गया है। किराया बढ़ने के बावजूद पतंगबाजों ने एक महीने पहले ही छतों का बुकिंग करवा लिया था। गौर करनेवाली बात यह है कि छत किराये पर लेनेवाले पतंगबाजों को वीवीआईपी सुविधा भी दी जाती है। छत मालिक कैटरिंग सर्विस के साथ पैकेज उपलब्ध कराते हैं। जिसमें ऊंधियूं, जलेबी, चिक्की, गन्ना, बैर, ब्रेकफास्ट और चाय–कॉफी दी जाती है। पुराने अहमदाबाद में छतों की बुकिंग कराने वालों में विदेशी और अन्य राज्यों के लोगों की संख्या अधिक होती है।

महादेव सट्टेबाजी मामले में ईडी को सफलता, दो लोगों गिरफ्तार

नई दिल्ली । प्रवर्तन निदेशालय ने महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग एप मामले में मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। नितिन टिबरेवाल और अमित अग्रवाल के रूप में पहचाने गए दो आरोपियों को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की कई धाराओं के तहत गिरफ्तार कर विशेष अदालत में पेश किया गया। टिबरेवाल पर मामले के एक आरोपी विकास छापरिया का करीबी सहयोगी होने का आरोप है। ईडी सूत्रों के हवाले से बताया कि उन्होंने कथित तौर पर दुबई में कुछ अघोषित संपत्तियां खरीदीं और एक कंपनी में बहुसंख्यक शेयरधारक थे, जिसमें चप्पारिया भी एक शेयरधारक हैं। ईडी को संदेह है कि ये संपत्तियां महादेव एप के मुनाफे से उत्पन्न अपराध की आय का उपयोग करके खरीदी गई थीं। गिरफ्तार किया गया दूसरा व्यक्ति अमित मामले के एक अन्य आरोपी अनिल कुमार अग्रवाल का रिश्तेदार है। ईडी सूत्रों के मुताबिक, अमित को अनिल कुमार अग्रवाल से महादेव एप फंड मिला और कहा जाता है कि उनकी (अमित अग्रवाल की) पत्नी ने मामले के एक अन्य आरोपी अनिल दमानी के साथ मिलकर कई संपत्तियां खरीदीं। अब तक, ईडी ने मामले में दो आरोप पत्र दायर किए हैं, जिसमें कथित अवैध सट्टेबाजी और गेमिंग एप के दो मुख्य प्रमोटरों, सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल सहित अन्य शामिल हैं। दोनों को हाल ही में ईडी के आदेश पर जारी इंटरपोल रेड नोटिस के आधार पर दुबई में हिरासत में लिया गया था और एजेंसी उन्हें संयुक्त अरब अमीरात से भारत निर्वासित या प्रत्यर्पित करने की कोशिश कर रही है। महादेव एप मामला एक हाई–प्रोफाइल घोटाला है, जिसमें एक ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म शामिल है जो पोकर, कार्ड गेम, बैडमिंटन, टेनिस, फुटबॉल और क्रिकेट जैसे विभिन्न खेलों पर अवैध जुआ खेलने में सक्षम बनाता है। यह एप दुबई स्थित सौरभ चंद्राकर, जो एक पूर्व जूस विक्रेता था, और उसके साथी रवि उप्पल द्वारा चलाया गया था, जो दोनों छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं।

रामलला के दर्शन करने सीमा हैदर परिवार सहित पैदल जाएंगी

अयोध्या । राम मंदिर के उद्घाटन में यदि सीमा हैदर को बुलावा आएगा तो वह पैदल ही परिवर सहित अयोध्या जाएंगी। उन्होंने एक चैनल को दिए इंटरव्यू में यह खुलासा किया है। गौरतलब है ?कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह होने वाला है। इसमें शामिल होने को लेकर सीमा हैदर से भी सवाल किया गया। सीमा से पूछा अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन होने वाला है, इसे आप कैसे देखती हैं, इसपर सीमा ने कहा हम बहुत खुश हैं और हमारे गांव में भी राम मंदिर को लेकर बहुत खुशी है। लोग बहुत जोश में हैं। बहुत लोगों की तैयारी भी चल रही है राम मंदिर जाने की। हम भी दो बार दीवाली मनाएंगे। हमारे घर में सुंदरकांड का पाठ भी होता है। एक इंटरव्यू के दौरान सीमा हैदर से कि अगर आपको वहां जाने का न्योता मिलता है तो क्या आप जाएंगी। इसपर जवाब देते हुए सीमा ने कहा : कि अयोध्या जाना कौन पसंद नहीं करेगा, लेकिन हमारी पूरी तैयारी है। मैं और मेरा पूरा परिवार पैदल ही जाएगा।

सीमा ने कहा कि मेरी बहुत इच्छा है राम मंदिर को देखने की, और हम भी जरूर देखेंगे। सीमा ने कहा कि मैं खुद को बहुत खुशनसीब मानती हूं कि मैं राम मंदिर को देख रही हूं। सोशल मीडिया पर भी राम मंदिर की चर्चा को देखती हूं, इसलिए मैं खुद को बहुत लकी मानती हूं। बता दें कि ऑनलाइन गेम खेलते समय नोएडा के सचिन को पाकिस्तान की सीमा से प्यार हो गया था और वे अपने 4 बच्चों को भारत आ गई थीं और अब वे अपने पांचवें बच्चे को भी जन्म देने वाली हैं।

उद्धव गुट ने भेजा राष्ट्रपति मुर्मू को न्यौता, 22 को कालाराम मंदिर आने का

नई दिल्ली (एजेंसी)। अयोध्या के राम मंदिर में 22 जनवरी को भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। 22 जनवरी को शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) की ओर से नासिक के कालाराम मंदिर में आरती आयोजित की जाएगी। इसके लिए महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर 22 जनवरी को आरती में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। उद्धव ने कहा कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पूरे देश के लिए अहम है, इसलिए हम कालाराम मंदिर में आरती कर रहे हैं। मालूम हो कि राष्ट्रपति को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का भी न्यौता मिला है। इसके बाद अब देखना ये होगा कि राष्ट्रपति कहां जाती हैं।

शिवसेना (यूबीटी) की ओर से राष्ट्रपति को लिखे पत्र में कहा गया, सर्वप्रथम मैं आपको आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या के पवित्र जन्मस्थान मंदिर में निर्धारित प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की अग्रिम शुभकामनाएं देता हूं। यह संपूर्ण भारत वर्ष के लिए हर्षोल्लास के साथ हिंदू हृदय सम्राट शिवसेना प्रमुख बालासाहेब के धर्म संकल्प पूर्ति की पूर्णाहुति है। शिवसेना प्रमुख ने आजीवन प्रभु श्रीराम के मंदिर के लिए कड़ा संघर्ष किया। भगवान श्रीराम के आदर्श केवल हिंदू या हिंदुत्व तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि ये राष्ट्र की अस्मिता और आस्था के भी प्रतीक हैं। यहां महाराष्ट्र में भी उसी आस्था पर्व की मंगल अभिलाषा की जा रही है। हम लोगों ने 22 जनवरी के पावन उपलक्ष पर नासिक क्षेत्र में प्रभु श्रीराम के महापूजन और महाआरती का दिव्य संकल्प लिया है।

पत्र में लिखा है, अयोध्या भगवान श्रीराम का जन्म क्षेत्र है, तब नासिक-पंचवटी दंडकारण्य उनका कर्म क्षेत्र। उनके वनवास काल में यहां के आदिवासी-वनवासियों से आत्मीय संबंध रहे हैं। उनकी लीलाओं के प्रमाण आज भी यहां मौजूद हैं। उन्हीं प्रमाणों का प्रतीक रुप है नासिक का कालाराम मंदिर। हमारा आयोजन इसी जीवंत धार्मिक व ऐतिहासिक महत्व वाले मंदिर में निर्धारित है। महोदया, अतीत में भी सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा तत्कालीन राष्ट्रपति सम्माननीय राजेंद्र प्रसाद जी के हाथों हुई थी। अर्थात, नासिक में आपकी उपस्थिति अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा की गरिमा भी बढ़ाएगी और राजेंद्र प्रसाद द्वारा स्थापित परिपाटी को भी बरकरार रखेगी। अतः हमारा आग्रह और आमंत्रण है कि देश की प्रथम नागरिक के रुप में आप नासिक पधारकर हमें अनुग्रहित करें।

इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर खींचतान, बैठक में भड़के सपा नेता

नई दिल्ली। इंडिया गठबंधन में शामिल पार्टियों के बीच सीट बंटवारे को लेकर खींचतान चल रही है। दिल्ली में हुई बैठक में जहां सीटों के बंटवारे पर मंथन जारी है, वहीं दिल्ली, बिहार में कांग्रेस बंटवारे पर सहमत नजर आ रही है। इसी वजह से सपा के नेता भड़क गए हैं। क्योंकि यूपी में सहयोगी दल सपा से स्थिति पेंचीदगी भरी दिखाई दे रही है। हालांकि पहली बैठक के बाद दोनों दलों के नेताओं की फोन पर बातचीत हुई। सपा ने कांग्रेस के साथ प्रस्तावित सीटों पर प्रत्याशियों की सूची जारी करने की बात कही। बताया जा रहा है कि यह बात कांग्रेस को अखर गई है। यही वजह है कि दोनों दलों के बीच दूसरे राउंड की बैठक पटरी से उतर गई। एक धड़ा कह रहा है कि सपा को कांग्रेस के साथ बढ़ता बसपा का संपर्क रास नहीं आ रहा है। इसके पहले 12 जनवरी को कांग्रेस ने सपा को फोन कर बैठक टालने की जानकारी दी। कांग्रेस ने कहा था कि बैठक को लेकर उसकी तैयारी पूरी नहीं है। ऐसे में सपा पदाधिकारी भड़क गए। सपा मीडिया सेल ने 'एक्स' पर पोस्ट में कांग्रेस पर धोखेबाजी का आरोप लगाया। हालां?कि इस पोस्ट को सपा ने देर रात हटा लिया। वहीं पार्टी के प्रवक्ता फकरुल हसन ने कहा कि इसमें गलत क्या है। हम कांग्रेस से जिताऊ प्रत्याशियों के नाम दो महीने से मांग रहे हैं। उधर, कांग्रेस प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने कहा कि सपा को गठबंधन को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों को दूर करना होगा, तभी बीजेपी से मुकाबला कर सकते हैं। गौरतलब है कि यूपी में लोकसभा सीटों पर बंटवारे के लिए इंडिया गठबधंन की पहली बैठक 9 जनवरी को हुई।

रामलला प्राण प्रतिष्ठा : भगवान जिनको बुलाते हैं वे लोग जाते हैं : अखिलेश

–प्रोपेगेंडा फैलाकर विपक्ष को अपमानित कर रहीं भाजपा : अखिलेश

लखनऊ (एजेंसी)। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने को लेकर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर विपक्ष को अपमानित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा इसके लिए जानबूझकर प्रोपेगेंडा फैला रही है। स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी के लखनऊ कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सपा प्रमुख ने निमंत्रण के सवाल पर कहा, भगवान का निमंत्रण कौन देता है, भगवान जिनको बुलाते हैं वे लोग जाते हैं। भाजपा कार्यकर्ता राजनीतिक कार्यक्रम करवा रहे हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा हर चीज को इवेंट में तब्दील कर रही हैं। अपने फायदे के लिए कार्यक्रम चला रहे हैं। उन्होंने कहा, हम लोग 100प्र. हिन्दू और सनातन परंपरा को मानते हैं। अगर शंकराचार्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने से मना कर रहे हैं तो क्या भाजपा वाले उनको भी सनातन विरोधी बोलेंगे? जब राम बुलाएंगे तो मैं अयोध्या चला जाऊंगा।

एक दिन पहले समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने दावा किया था कि उन्हें 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में भगवान रामलला के प्रतिष्ठा समारोह का कोई निमंत्रण नहीं मिला है। उनके इस दावे पर विहिप के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा, अखिलेश यादव को कूरियर द्वारा निमंत्रण भेजा गया था, उस पर कोई विवाद नहीं है। अगर उनके दावे के मुताबिक उन्हें यह नहीं मिला है तो हम उन्हें दोबारा निमंत्रण भेज सकते हैं।

अखिलेश यादव ने कहा, भाजपा ने आज जो रास्ता चुना है वह समाज को बांटने का है, भाजपा का रास्ता न तो सहिष्णुता का है और न ही सार्वभौमिक स्वीकृति का। आज जब हम स्वामी विवेकानंद को याद कर रहे हैं तो हमें उनके दिखाये रास्ते पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने आगे दावा किया कि जिन लोगों ने कहा है कि मुझे कूरियर से निमंत्रण भेजा गया है, उन्हें रसीद देनी चाहिए ताकि इसे ट्रैक किया जा सके।

शराब कांड में पूछताछ करने केजरीवाल को ईडी ने फिर दिया चौथा समन

–अबतक तीन समन हो चुके जारी, एक बार भी नहीं हुए हाजिर

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को ईडी ने शराब कांड में पूछताछ के लिए चौथा समन जारी किया है। गौरतलब है कि अबतक उन्हें तीन समन जारी किए जा चुके हैं, लेकिन वह एक बार भी हाजिर नहीं हुए हैं, ऐसे में उनकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। बता दें कि अभी जो समन भेजा है इसमें 18 जनवरी को पूछताछ में शामिल होने के लिए बुलाया गया है। अरविंद केजरीवाल को मिला यह चौथा समन है, इससे पहले अरविंद केजरीवाल को तीन समन जारी किए जा चुके हैं और वह एक बार भी एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल को तीसरा समन 3 जनवरी के लिए भेजा गया था। मगर केजरीवाल ने उस पर ध्यान नहीं दिया था। गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय, ईडी दिल्ली के सीएम केजरीवाल से दिल्ली शराब घोटाला केस के मामले में पूछताछ करना चाहता है। बता दें कि अरविंद केजरीवाल ने अब तक मिल चुके तीनों समन को नजरअंदाज किया है और आरोप लगाया है कि ईडी का नोटिस गैर कानूनी है।

पिछले दिनों भी ईडी की ओर जारी समन पर आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने उसके सामने पेश होने से इनकार कर दिया था और यह भी कहा था कि एजेंसी का दृष्टिकोण कानून, समानता या न्याय की कसौटी पर खरा नहीं उतर सकता है और ईडी की यह 'जिद' 'जज, जूरी और जल्लाद' की भूमिका निभाने के समान है। अरविंद केजरीवाल को इससे पहले समन जारी कर पिछले साल दो नवंबर और 21 दिसंबर और इस साल तीन जनवरी को जांच में शामिल होने के लिए कहा गया था। अरविंद केजरीवाल को इससे पहले समन जारी कर पिछले साल दो नवंबर और 21 दिसंबर और इस साल तीन जनवरी को जांच में शामिल होने के लिए कहा गया था। पहले समन में तो अरविंद केजरीवाल चुनावी सभा के लिए चले गए थे और दूसरे के दौरान विपश्यना के लिए गए थे।

दिल्ली शराब घोटाले की बता करें तो यह घोटाला 2021-22 में आबकारी नीति से संबंधित है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इसे लागू किए जाने के संबंध में सीबीआई जांच की सिफारिश की थी जिसके तुरंत बाद 2022 में आप सरकार ने इसे रद्द कर दिया था। इस मामले में मनीष सिसोदिया और संजय सिंह फिलहाल जेल में हैं। अब केजरीवाल पर भी ईडी शिकंजा कसने की कोशिश में हैं।

मुआवजा बढ़ाने पर विचार करे केंद्र, हिट एंड रन मामलों में सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र को हिट–एंड–रन दुर्घटनाओं के पीड़ितों को दिए जाने वाले मुआवजे को बढ़ाने के लिए मोटर वाहन अधिनियम में संशोधन करने पर विचार करने का निर्देश दिया, साथ ही सरकार को याद दिलाया कि समय के साथ पैसे का मूल्य कम हो जाता है। मोटर वाहन अधिनियम पीड़ितों को हिट–एंड–रन दुर्घटनाओं के दौरान मृत्यु के मामले में रू.2 लाख और चोटों के लिए रू.50,000 का मुआवजा देने की अनुमति देता है। न्यायाधीश एएस ओक की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि हम केंद्र सरकार को इस पर विचार करने का निर्देश देते हैं कि क्या मुआवजे की राशि को धीरे–धीरे सालाना बढ़ाया जा सकता है। केंद्र सरकार आज से आठ सप्ताह के भीतर इस मुद्दे पर उचित निर्णय लेगी। अदालत ने कहा कि हिट–एंड–रन दुर्घटनाओं के बाद बहुत कम लोग मुआवजे का दावा करते हैं। कई लोगों को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 161 के तहत ऐसी मुआवजा योजना के अस्तित्व के बारे में भी नहीं पता है। अकेले 2022 में देश भर में कुल 67,387 हिट–एंड–रन हुए। अदालत ने न्याय मित्र, अधिवक्ता गौरव अग्रवाल द्वारा संकलित आंकड़ों से बताया कि योजना के तहत केवल 205 मुआवजे के दावे प्राप्त हुए, जिनमें से 95 दावों का निपटारा किया गया। अदालत ने हिट–एंड–रन दुर्घटना मुआवजे का दावा करने के लिए कई निर्देश दिए। समें कहा गया है कि दुर्घटना मामले के प्रभारी पुलिस अधिकारी की जिम्मेदारी है कि वह मृत्यु की स्थिति में परिवार को, या घायल होने की स्थिति में पीड़ित को मुआवजा योजना के बारे में सूचित करे।

बाबर की मजार पर माथा टेकने वाले प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को ठुकरा रहे–स्मृति ईरानी

अमेठी (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्री अमेठी सांसद स्मृति ईरानी ने शनिवार को भेटुआ विकासखंड में जन संवाद विकास यात्रा के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए कांग्रेस का नाम लिए बिना कहा कि जिन लोगों ने बाबर के मजार पर माथा टेका आज वह राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण ठुकरा रहे हैं।

शनिवार को केंद्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति ईरानी अपने दौरे के तीसरे दिन भेटुआ विकासखंड के विभिन्न गांवों में जन विकास संवाद यात्रा के दौरान टिकरी के रणछोड़ इंटर कॉलेज में ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद मीडिया से रूबरू हुई और मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि जिन लोगों ने बाबर के मजार पर माथा टेका आज वह राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमंत्रण को ठुकरा रहे जब तक रामलला टेंट में विद्यमान थे तब तक कांग्रेस को कोई तकलीफ नहीं थी। आज भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हो रही हैं। इसलिए कांग्रेस के नेताओं का कलेजा फटता है। वहीं पश्चिम बंगाल में तीन साधुओं पर हमला होने को लेकर मीडिया का जवाब देते हुए कहा कि जहां-जहां इंडिया एलाइंस की सरकार है अथवा जहां-जहां उन लोगों का आज भी दबदबा है जो कांग्रेस के साथी है, वहां-वहां सनातन धर्म पर सनातन धर्म को मानने पर प्रताड़नाएं बढ़ रही हैं धर्म के प्रति कांग्रेस नित गठबंधन अपमान की दृष्टि से जो बात करता है जो काम करता है वो कांग्रेस विशेषकर गांधी परिवार के संस्कारों को दर्शित करवाता है।

मोदी को नियति ने पहले ही चुन लिया था अयोध्या में राम मंदिर बनाने : आडवानी

–भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने किया रथ यात्रा का जिक्र

नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने कहा है कि नियति ने मोदी को पहले ही भगवान राम का भव्य मंदिर बनाने के लिए चुन लिया था। उन्होंने 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा है कि रथ यात्रा ने वृहद रूप लिया और उसका दूरगामी परिणाम हुआ था। सूत्रों बताया कि आडवाणी ने एक पत्रिका के विशेष अंक के लेख में राम मंदिर के लिए निकाली गई अपनी रथ यात्रा का संस्मरण लिखा है। उन्होंने यादों को ताजा करते हुए कहा कि रथ यात्रा को 33 साल पूरे हो रहे हैं। वर्तमान पीएम नरेंद्र मोदी उस पूरी रथ यात्रा के दौरान उनके साथ थे। उस समय नरेंद्र मोदी ज्यादा प्रसिद्ध नहीं थे लेकिन उसी समय नियति ने उन्हें भगवान राम का भव्य मंदिर बनाने के लिए चुन लिया था। आडवाणी ने कहा कि उन्होंने जब रथ यात्रा शुरू की थी तब उन्हें यह नहीं पता था कि यह यात्रा देश में एक बड़े आंदोलन का रूप ले लेगी। लेकिन उसी दौरान भगवान राम ने अपने भव्य मंदिर के निर्माण के लिए अपने भक्त नरेंद्र मोदी को चुन लिया था।

वहीं राम मंदिर आंदोलन को अपनी राजनीतिक यात्रा की सबसे महत्वपर्ण घटना बताते हुए आडवाणी ने आंदोलन के दौरान अपने कई अनुभवों को भी लेख में शामिल किया है। राजनीति में दशकों तक उनके साथी रहे पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए यह भी कहा कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले उन्हें अटल बिहारी वाजपेयी की कमी बहुत खल रही है। राम मंदिर के सपने को साकार करने व अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनाने के उनके संकल्प को पूरा करने के लिए पीएम मोदी को बधाई देते हुए आडवाणी ने कहा कि जब पीएम मोदी राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करेंगे तो वह उस समय देश के प्रत्येक नागरिक का प्रतिनिधित्व करेंगे।

गौरतलब है कि अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम के लिए लालकृष्ण आडवाणी को भी निमंत्रित किया गया है। हालांकि पहले यह कहा जा रहा था कि खराब स्वास्थ्य के कारण आडवाणी अयोध्या नहीं जा पाएंगे लेकिन विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने आडवाणी के कार्यक्रम में शामिल होने की पुष्टि करते हुए उनके स्वास्थ्य को देखते हुए डॉक्टर और मेडिकल तैयारी सहित तमाम व्यवस्थाएं अयोध्या में करने की जानकारी दी है।

31 जनवरी से 9 फरवरी तक चलेगा संसद का सत्र, 1 फरवरी को आएगा बजट

नई दिल्ली (एजेंसी)। 17वीं लोकसभा का आखिरी सत्र 31 जनवरी से शुरु होगा और 9 फरवरी तक चलेगा। सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी। राष्ट्रपति दोनों सदनों-लोक सभा और राज्य सभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। 31 जनवरी को ही सरकार संसद में आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश करेगी। बजट सत्र के दूसरे दिन, 1 फरवरी को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम केंद्रीय बजट पेश करेंगी। यह मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट होगा और इसके बाद सरकार को जनादेश लेने के लिए लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरना है, इसलिए, यह बताया जा रहा है कि इस अंतरिम बजट में मोदी सरकार महिलाओं, किसानों, युवाओं और देश के गरीबों के लिए कुछ महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा कर सकती है अथवा पहले से चलाई जा रही योजनाओं की राशि में बढ़ोतरी का भी ऐलान कर सकती है। बताया जा रहा है कि सरकार किसानों को दी जा रही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि को बढ़ाने की घोषणा सहित कई बड़े ऐलान भी अंतरिम बजट में कर सकती है। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के इस अंतिम बजट, जिसे अंतरिम केंद्रीय बजट कहा जाएगा, में सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार उनकी प्रिय चार जातियों, गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं, पर खास फोकस करेगी। इस अंतरिम बजट को ज्ञान अर्थात जी.वाई.ए.एन. फॉर्मूला के तहत तैयार किया जा रहा है। भाजपा के लिए इस ज्ञान यानी जी.वाई.ए.एन.फॉर्मूले का अर्थ है - गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी (महिला)। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने वर्तमान लोकसभा के आखिरी सत्र को लेकर आधिकारिक रूप से जानकारी देते हुए यह बताया है कि सत्रहवीं लोकसभा का आखिरी सत्र 31 जनवरी से 9 फरवरी तक चलेगा। उन्होंने बताया कि सत्र के दौरान संसद में राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा और 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम केंद्रीय बजट पेश करेंगी। जोशी ने संसद के आगामी सत्र की तारीखों और एजेंडे को लेकर आधिकारिक तौर पर जानकारी देते हुए शुक्रवार को अंतरिम बजट सत्र 2024 के हैशटैग के साथ एक्स पर पोस्ट कर बताया, सत्रहवीं लोकसभा का आखिरी सत्र 31 जनवरी से 9 फरवरी तक चलेगा। संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण से सत्र शुरू होगा। 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम केंद्रीय बजट पेश करेंगी।



अब जापान नहीं कैरोलिन द्वीप बन गया उगते सूरज की भूमि

–किरिबाती देश में सूरज की पहली किरण चूमती है धरती, सबसे पुराना टाइम जोन भी यहीं

टोक्यो। अब जापान नहीं बल्कि कैरोलिन द्वीप उगते सूरज की भूमि बन गया है। हालांकि यह सबसे पुराना टाइम जोन भी है। बता दें कि सूर्योदय सबसे अच्?छा एहसास है। लेकिन सोचिए अगर आप ऐसी जगह पर हों जहां धरती पर सूर्य की पहली किरण आ रही हो तो, आपके मन में शायद जापान का नाम होगा, जिसे हम उगते सूरज की भूमि मानते रहे हैं। लेकिन अब ठिकाना बदल गया है। प्रशांत महासागर में स्थित एक देश किरिबाती है। मालदीव–लक्षद्वीप को लेकर बहस के बीच इस खूबसूरत जगह के बारे में भी बातचीत होनी चाहिए। किरिबाती को कैरोलिन द्वीप के नाम से भी जाना जाता है। यह वह जगह है, जहां हर दिन सूर्य की पहली किरण आती है। सबसे पहले सूर्य की किरणें इसी जगह की धरती को चूमती हैं। यहां सूर्योदय देखना सुखद यादगार अनुभव है। जो लोग नहीं जानते, उन्हें हम बता दें कि किरिबाती में पृथ्वी का सबसे पुराना टाइम जोन भी है। हालांकि वैज्ञानिक दृष्टिकोण यह है कि वास्तव में कोई वास्तविक सूर्योदय या सूर्यास्त नहीं होता। ऐसा इसलिए, क्योंकि पृथ्वी गोल है और लगातार घूम रही है। इसकी वजह से जहां सूर्य की किरणें आती हैं, और धरती के घूमने की वजह से जो हिस्सा पीछे चला जाता है, वहां सूर्यास्त या रात हो जाती है। लेकिन हमारे जीवन को आसान बनाने के लिए एक काल्पनिक रेखा खींची गई है, जिसे इंटरनेशनल डेट लाइन कहा जाता है। यही तय करती है कि दिन कहां समाप्त माना जाए और कहां शुरू। यही रेखा किरिबाती के मिलेनियम द्वीप के आसपास से होकर गुजरती है, इसलिए हमें यहां पर 'पहला' सूर्योदय मिलता है। किरिबाती 33 एटोल और रीफ द्वीपों से बना एक द्वीप समूह है। इन्हीं में से एक निर्जन मिलेनियम द्वीप भी है। इसे दुनिया के सबसे खूबसूरत द्वीपों में से एक माना जाता है। सिर्फ भाग्यशाली लोग ही यहां जा सकते हैं और सूर्योदय के जादुई अनुभव का लाभ ले सकते हैं।

73 साल की महिला ने करवाई जांच, निकला 35 साल का बच्चा

–अजब–गजब : पेट दर्द के चलते अस्पताल पहुंची तो हुआ खुलासा

वॉशिंगटन। प्रेग्नेंसी और बच्चों के जन्म को ईश्वर की इच्छा बताया जाता है। लेकिन कुछ मामले ऐसे भी सामने आ जाते हैं जिनमें कुदरत के नियम भी फैल हो जाते हैं। इससे ये साबित होता है कि इंसान के हाथ में आज भी सब कुछ नहीं है। ऐसा ही एक मामला अल्जीरिया में सामने आया है, जहां एक 73 साल की महिला के पेट में 35 साल का बच्चा पाया गया है। हालांकि यह बच्चा 7 माह के बाद ही मां के पेट में कुदरती तौर पर विकसित नहीं हो पाया था, जो धीरे–धीरे कैल्सिफाइड हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक डॉक्टरों के पास यह अजीबोगरीब केस आया जब उस बुजुर्ग महिला के पेट में दर्द हुआ। लेकिन उसे अंदाज़ा ही नहीं था कि उसे दिक्कत क्या है। वो जब अपनी समस्या लेकर अस्पताल पहुंची, तो उसने जो नज़ारा देखा, वो खुद महिला की कल्पना से भी बाहर था। रिपोर्ट के मुताबिक ये घटना साल 2016 की है, जहां एक महिला पेटदर्द की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंची थी। महिला का नाम नहीं बताया गया है लेकिन उसकी उम्र 73 साल बताई जा रही है। महिला के पेट के निचले हिस्से में दर्द हो रहा था, जिसके बाद वो जांच कराने पहुंची। यहां अल्ट्रासाउंड में पता चला कि उसके पेट के अंदर एक बच्चा है, जो उसने 35 साल पहले कंसीव किया था। हुआ यूं कि 7 महीने के बाद बच्चा कुदरती तौर पर विकसित नहीं हो पाया लेकिन वो पेट के अंदर ही रह गया। उस वक्त बच्चे का वज़न 2 किलोग्राम था और वो धीरे–धीरे कैल्सिफाइड होकर पत्थर बन गया। डॉक्टरों ने बताया कि इस मेडिकल कंडीशन को लिथोपेडियन कहा जाता है, जो काफी दुर्लभ है। दुनिया भर के मेडिकल इतिहास में इस तरह की सिर्फ 300 घटनाएं देखी गई हैं। डॉक्टर किम गार्सी ने मुताबिक बच्चे के कैल्सिफाई होने की वजह से मां किसी भी तरह के इंफेक्शन से बच जाती है। महिला के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ।

पेंटागन के ऑडिट में खुलासा ; मंत्रालय ने अपने ही विभाग की रिपोर्ट को गलत बताया

–यूक्रेन को दिए 8 हजार करोड़ के अमेरिकी हथियार लापता

न्यूयार्क। रूस से जंग लडने के लिए यूक्रेन की मदद कर रहे अमेरिका को नहीं पता की उनकी तरफसे दिए गए 1 बिलियन डॉलर यानी 8 हजार करोड़ रुपए के हथियार कहां हैं। अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन की ऑडिट रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। पेंटागन के इंस्पेक्टर जनरल के मुताबिक यूक्रेन को भेजे गए 8 हजार करोड़ रुपए के हथियारों का कोई रिकॉर्ड नहीं मिला है। शक जताया गया है कि या तो एक बिलियन डॉलर के हथियारों को कहीं और भेज दिया गया है या उनकी लूट हुई है। डिफेंस डिपार्टमेंट के ऑफिस ने दिखाया कि यूक्रेन को दी गई 1.7 बिलियन डॉलर की मदद से 59 प्रतिशत यानी लगभग 1 बिलियन डॉलर का कोई ब्योरा ही नहीं है। ये रिपोर्ट उस वक्त आई है जब अमेरिका की रिपब्लिकन पार्टी यूक्रेन और इजराइल को दी जाने वाली 105 बिलियन डॉलर की मदद को रोके हुए है। अमेरिका के डिफेंस डिपार्टमेंट के प्रेस सेक्रेटरी ब्रिगेडियर जनरल पैट्रिक राइडर ने अपने ही रक्षा विभाग के दावों को खारिज किया है। उन्होंने कहा है कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि हथियारों को कहीं और भेजा गया। हमने हथियारों को यूक्रेन में तैनात और उनका इस्तेमाल होते हुए देखा है।

मॉरीशस में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर 2 घंटे छुट्टी

पोर्ट लुईस। मॉरीशस की सरकार ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर 22 जनवरी को हिंदू धर्म मानने वाले कर्मचारियों के लिए 2 घंटे की छुट्टी की घोषणा की है। इस दौरान वे स्थानीय कार्यक्रमों में भाग ले सकेंगे। मॉरीशस की कैबिनेट ने शुक्रवार को इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। कैबिनेट की तरफ से जारी किए प्रस्ताव में कहा गया है कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन एक ऐतिहासिक घटना है। यह अयोध्या में भगवान राम की वापसी का प्रतीक है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए 22 जनवरी को दोपहर 2 बजे से हिंदुओं को दो घंटे की स्पेशल छुट्टी दी जाएगी। मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनाथ ने कैबिनेट के इस फैसले पर कहा कि ये हिंदूओं की भावनाओं और परंपराओं का सम्मान करने के लिए छोटा सी कोशिश है।

चीन से लौटते ही आंख दिखाने लगे मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू

–हमें धमकाने का लाइसेंस किसी को नहीं

नई दिल्ली। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू चीन के पांच दिवसीय दौरे के बाद स्वदेश लौट आए हैं। उन्होंने मालदीव लौटते ही दो टूक कह दिया है कि हमें बुली करने का लाइसेंस किसी के पास नहीं है। मुइज्जू ने कहा कि हम भले ही छोटा देश हो सकते हैं लेकिन इससे किसी को भी हमें बुली करने का लाइसेंस नहीं मिलता। हालांकि, मुइज्जू ने प्रत्यक्ष तौर पर किसी का नाम लेकर ये बयान नहीं दिया है। लेकिन माना जा रहा है कि उनका निशाना भारत की तरफ है।

चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू ने पांच दिन के अपने चीन दौरे के दौरान राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की थी। उनका ये दौरा ऐसे समय पर हुआ था, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले मालदीव सरकार के तीन मंत्रियों को सस्पेंड किया गया। इस मामले को लेकर भारत और मालदीव दोनों देशों में राजनयिक विवाद बढ़ा हुआ है।

मुइज्जू ने चीन से लगाई थी गुहार

भारत में चल रहे बॉयकॉट मालदीव के ट्रेंड के बीच मुइज्जू ने चीन से अपील की थी कि वो अधिक से अधिक चीनी पर्यटकों को मालदीव भेजे। मालदीव बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए मुइज्जू ने कहा था कि कोविड से पहले हमारे देश में सबसे अधिक पर्यटक चीन से आते थे। मेरा अनुरोध है कि चीन को ऐसा करने के लिए फिर से अपनी कोशिशें तेज करनी चाहिए।

जापान में तनगेशीमा अंतरिक्ष केन्द्र से एक उपग्रह एच 11 ए लांच किया गया।

पाकिस्तान को आईएमएफ देगा 70 करोड़ डॉलर मदद

इस्लामाबाद। वैश्विक ऋणदाता के स्टैंड–बाय अरेंजमेंट (एसबीए) द्वारा पाकिस्तान के आर्थिक सुधार कार्यक्रम की पहली समीक्षा पूरी करने के परिणामस्वरुप अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से तत्काल लगभग 70 करोड़ डॉलर वितरण की अनुमति मिल गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक आईएमएफ ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि बोर्ड के फैसले के बाद एसबीए की व्यवस्था के तहत कुल ऋण वितरण लगभग 1।9 अरब डॉलर हो जाएगा। पाकिस्तान के नौ महीने के एसबीए को पिछले साल जुलाई में कार्यकारी बोर्ड द्वारा अनुमोदन के समय लगभग तीन अरब डॉलर की मंजूरी दी गई थी। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान में आर्थिक गतिविधियां स्थिर हो गई हैं, हालांकि परिदृश्य चुनौतीपूर्ण है और ठोस नीतियों के कार्यान्वयन पर निर्भर है। आईएमएफ का मौजूदा कार्यक्रम अप्रैल के दूसरे सप्ताह में समाप्त होने की उम्मीद है। देश के एसबीए के तहत नवंबर 2023 में पहली समीक्षा के संबंध में आईएमएफ कर्मचारियों और पाकिस्तानी अधिकारियों के बीच एक कर्मचारी–स्तरीय समझौता हुआ। यह समझौता आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड द्वारा अनुमोदन पर निर्भर था।

ईरान समर्थित हौथिस पर अमेरिका ने किए हमले, रडार को बनाया निशाना

–लाल सागर में जंग जारी, यमन की राजधानी सना को भी निशाना बनाया

वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने लाल सागर में शिपिंग की रक्षा करने की कसम खाई है। यही वजह है कि लगातार ईरान समर्थित हौथिस पर अमेरिका हमले करने में जुटा हुआ है। इस संबंध में अधिकारियों ने बताया कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने शुक्रवार को यमन की हौथी सेना के खिलाफ एक अतिरिक्त हमला किया। नवीनतम हमले में एक रडार साइट को निशाना बनाया गया है। ईरान समर्थित समूह की सुविधाओं पर दर्जनों अमेरिकी और ब्रिटिश हमलों के एक दिन बाद यह हमला हुआ। हालांकि अधिकारियों ने अधिक जानकारी नहीं दी। लाल सागर में हौथी हमलों को रोकने के अमेरिकी सैन्य प्रयास में रडार बुनियादी ढांचा एक प्रमुख लक्ष्य बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन छापे के साथ यमनी राजधानी सना को निशाना बना रहे थे। व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष के बारे में चिंताओं को बढ़ाते हुए, अमेरिका और ब्रिटिश युद्धक विमानों, जहाजों और पनडुब्बियों ने यमन में लक्ष्यों के खिलाफ मिसाइलें दागीं। यहां पर हमास शासित गाजा में इज़राइल द्वारा घेराबंदी के तहत फिलिस्तीनियों के समर्थन में अभियान चलाया जा रहा है।

हौथी नेताओं ने प्रतिशोध की शपथ भले ही ली है, लेकिन बाइडेल ने शुक्रवार को पहले चेतावनी दी थी कि अगर वे दुनिया के सबसे आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण जलमार्गों में से एक में व्यापारी और सैन्य जहाजों पर अपने हमलों को नहीं रोकते हैं तो वह और अधिक हमलों का आदेश दे सकते हैं। बाइडेन ने शुक्रवार को पेंसिल्वेनिया में एक पड़ाव के दौरान संवाददाताओं से कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि अगर हौथी इस अपमानजनक व्यवहार को जारी रखते हैं तो हम उन्हें जवाब देंगे। प्रत्यक्षदर्शियों ने यमन के समयानुसार शुक्रवार तड़के राजधानी सना और यमन के तीसरे शहर ताइज़ में हवाई अड्डों के पास सैन्य ठिकानों पर हमले किए। साथ ही यमन के मुख्य लाल सागर बंदरगाह होदेइदाह में एक नौसैनिक अड्डे और तटीय हज्जाह गवर्नरेट में सैन्य स्थलों पर विस्फोटों की पुष्टि की है।

इस मामले में व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि हमलों ने हौथिस की मिसाइलों या ड्रोनों को संग्रहीत करने, लॉन्च करने और निर्देशित करने की क्षमता को लक्षित किया था, जिसका उपयोग समूह ने हाल के महीनों में लाल सागर शिपिंग को धमकी देने के लिए किया है। इधर पेंटागन ने कहा कि अमेरिकी-ब्रिटिश हमले ने हौथिस की नए हमले करने की क्षमता को कम कर दिया है। इधर अमेरिकी सेना ने बयान में कहा कि 28 स्थानों पर 60 लक्ष्यों को निशाना बनाया गया है।

ऑस्टिन पर भरोसा है, लेकिन अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी नहीं देना गलत फैसला: बाइडन

वॉशिंगटन(एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि देश के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के पिछले सप्ताह अस्पताल में भर्ती होने के बारे में उन्हें सूचित नहीं किया जाना गलत फैसला था, लेकिन उन्हें अपने मंत्री पर अब भी भरोसा है।

बाइडन से संवाददाताओं ने सवाल किया कि क्या रक्षा मंत्री द्वारा अपनी सेहत के बारे में उन्हें (बाइडन) जानकारी नहीं दिए जाने का फैसला अनुचित, जिसके जवाब में राष्ट्रपति ने ''हां'' में जवाब दिया। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें ऑस्टिन के नेतृत्व पर अब भी भरोसा है, बाइडन ने उत्तर दिया, ''हां, मैं (भरोसा) करता हूं।'' बाइडन ने पेंसिल्वेनिया के एलेनटाउन के बाहर स्थानीय कारोबारी संस्थानों का दौरा करने के बाद संवाददाताओं के सवालों के जवाब दिए। ऑस्टिन को प्रोस्टेट कैंसर था और हाल में उनका ऑपरेशन हुआ था लेकिन यह जानकारी बाइडन को नहीं दी गई थी। देश के दोनों राजनीतिक दलों के सदस्यों ने यह जानकारी राष्ट्रपति से छुपाए जाने पर ऑस्टिन की निंदा की है और कुछ नेताओं ने उनके इस्तीफे की भी मांग की है। ऑस्टिन को 22 दिसंबर, 2023 को वॉल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में भर्ती कराया गया था जहां उनकी सर्जरी की गई। प्रारंभिक जांच में मूत्राशय में संक्रमण का पता चलने के बाद ऑस्टिन को एक जनवरी को गहन चिकित्सा देखभाल (आईसीयू) इकाई में स्थानांतरित किया गया। अमेरिका के विदेश मंत्री से जुड़ी यह महत्वपूर्ण जानकारी मंगलवार सुबह तक बाइडन और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को नहीं दी गई।

इमरान खान के चुनाव चिन्ह बल्ले पर आया संकट

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) काजी फैज ईसा ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के चुनाव चिन्ह बल्ले को बहाल करने का पेशावर उच्च न्यायालय (पीएचसी) का आदेश प्रथम दृष्टया गलत था। बता दें कि पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान की पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ को उसका चुनाव चिन्ह वापस मिले कुछ ही घंटे हुए थे। अब सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की ये टिप्पणी जेल में बंद इमरान को परेशान कर सकती हैं।

दरअसल पाकिस्तान निर्वाचन आयोग ने पेशावर उच्च न्यायालय (पीएचसी) के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। निर्वाचन आयोग ने खान की पार्टी में संगठनात्मक चुनावों को असंवैधानिक घोषित कर 22 दिसंबर को पार्टी के चुनाव चिह्न बल्ले को रद्द कर दिया था। लेकिन बाद में चुनाव आयोग के फैसले को पेशावर उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था।

खबर के अनुसार प्रधान न्यायाधीश ने सुनवाई के दौरान सवाल उठाया कि क्या उच्च न्यायालय ने 'पीटीआई' के संगठनात्मक चुनावों को कानून के अनुरूप पाया और पूछा, बल्ले को चुनाव चिह्न के रूप में आवंटित करने का मुद्दा बाद में आता है।

ब्लिंकन ने ताइवान में चुनाव के बीच चीन और जापान के राजनयिकों से मुलाकात की

वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने ताइवान में राष्ट्रपति चुनाव के बीच शुक्रवार को चीन के एक वरिष्ठ राजनयिक के साथ बैठक के दौरान ताइवान जलडमरूमध्य में शांति एवं स्थिरता के महत्व पर जोर दिया। राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने ताइवान में राष्ट्रपति चुनाव आयोजित किए जाने के दौरान तनाव कम करने की मांग की है। ब्लिंकन ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के अंतरराष्ट्रीय मामलों के मंत्री लियू जियानचाओ के साथ बैठक की।

इसके कुछ समय बाद उन्होंने एशिया में अमेरिका के सबसे मजबूत सहयोगियों में से एक जापान के विदेश मंत्री योको कामिकावा से मुलाकात की। शनिवार के चुनाव में स्वतंत्रता की ओर झुकाव रखने वाली सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी की जीत की स्थिति में बाइडन प्रशासन ताइवान जलडमरूमध्य में तनाव को कम रखने की कोशिश कर रहा है। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है। उसने मतदाताओं को सुझाव दिया है कि वे शांति और युद्ध के बीच विकल्प चुन सकते हैं। अमेरिका, ताइवान के राष्ट्रपति चुनाव में किसी भी उम्मीदवार का समर्थन नहीं कर रहा है और चुनाव के तुरंत बाद द्वीप पर एक अनौपचारिक प्रतिनिधिमंडल भेजने की योजना बना रहा है।

समाचार साइट 'जापान टुडे' के अनुसार ताइवान के अलावा ब्लिंकन और कामिकावा ने यूक्रेन और पश्चिम एशिया में युद्ध एवं मार्च की

शुरुआत में जापान के प्रधानमंत्री की अमेरिका की संभावित राजकीय यात्रा की तैयारी पर चर्चा की। 'जापान टुडे' की रिपोर्ट के अनुसार कामिकावा ने कहा, ''जैसा कि दुनिया एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच गई है, तो उसे देखते हुए विभिन्न मुद्दों से निपटने में जापान-अमेरिका गठबंधन की भूमिका पहले कभी इतनी बड़ी नहीं रही।'' अमेरिका के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बैठक में हुई बातचीत के ब्योरे के अनुसार ब्लिंकन ने कामिकावा से कहा कि गठबंधन ''वास्तव में हिंद-प्रशांत में शांति, सुरक्षा और समृद्धि की आधारशिला है''।

अनुभवी चीनी राजनयिक लियू ने न्यूयॉर्क की यात्रा की थी और ब्लिंकन के साथ उनकी मुलाकात अमेरिकी यात्रा का हिस्सा थी। इस सप्ताह की शुरुआत में उन्होंने कहा था कि चीन ताइवान की स्वतंत्रता का समर्थन नहीं करने के अमेरिकी बयानों को लेकर गंभीर है। लियू ने 'काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशन्स' को बताया, ''हमें उम्मीद है कि अमेरिकी पक्ष इस प्रतिबद्धता का सम्मान करेगा।'' लियू के चीन के अगले विदेश मंत्री बनने की संभावना है। द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करने के लिए सैन फ्रांसिस्को में राष्ट्रपति जो बाइडन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मुलाकात के लगभग दो महीने बाद लियू की यात्रा हुई। काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस से बात करते हुए लियू ने कहा कि चीन युद्ध नहीं चाहता है।

बालाकोट एयर स्ट्राइक का डरा, अपने एयर डिफेंस को मजबूत कर रहा पाकिस्तान

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान को बालाकोट जैसी एयर स्ट्राइक का डर सताने लगा है। इसकारण वह अपने एयर डिफेंस को मजबूत करने में जुटा है। पाकिस्तान के कार्यवाहक पीएम अनवारउल हक काकड़ ने कुछ दिनों पहले गीदड़भभकी दी थी। इसमें उन्होंने कहा था कि बालाकोट एयर स्ट्राइक जैसा भारत ने कुछ किया तब पाकिस्तान करारा जवाब देगा। उनके बयान के बाद अब पाकिस्तानी सेना एक एयर डिफेंस एक्सरसाइज करती हुई दिख रही है, जो उनके अंदर बालाकोट जैसी एयर स्ट्राइक का डर दिखाता है।

पाकिस्तानी सेना ने सोनमियामी में अल-बायजा-3 2024 अभ्यास किया। इस दौरान पाकिस्तानी सेना ने एयर डिफेंस तकनीकी की फायरिंग की, जिसका अवलोकन पाक आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर ने किया। पाकिस्तानी सेना की ओर से जारी बयान में कहा गया कि वायु रक्षा प्रणालियों की एकीकृत फायरिंग और युद्धाभ्यास का प्रदर्शन किया गया। पाकिस्तानी सेना इसे अपनी हवाई सीमाओं की वायु रक्षा क्षमता बढ़ाने की ऐतिहासिक उपलब्धि के तौर पर देख रही है।

मुनीर ने मध्यम वायु रक्षा हथियार प्रणाली, मध्यम वायु रक्षा प्रणाली, छोटी दूरी की वायु रक्षा प्रणाली और विस्तारित छोटी दूरी की वायु रक्षा प्रणाली का लाइव प्रदर्शन देखा। यह सब पाकिस्तान तब कर रहा है जब कुछ दिनों पहले अंतरिम पीएम काकड़ ने गीदड़भभकी दी थी। काकड़ ने कहा कि अगर किसी ने हमारी जमीन पर हमले की कोशिश की तब पाकिस्तान वैसा ही करेगा जैसे हमने 2019 में किया था। हम उनके विमानों को मार गिराएंगे।

दरअसल अनवारुल हक काकड़ का यह बयान भारत पर निशाना साधने वाला था। क्योंकि फरवरी 2019 में पुलवामा हमले के बाद भारत ने बालाकोट में एयर स्ट्राइक की थी। इसके बाद पाकिस्तानी सेना ने अपने आधुनिक विमानों के जरिए हमला किया था। जवाब में भारत के मिग-21 विमान ने पाकिस्तान के एक फाइटर जेट को गिरा दिया था। इसमें भारत का भी एक फाइटर जेट गिरा था, जिसमें एयरफोर्स पायलट अभिनंदन को पकड़ लिया गया था। हालांकि हाल ही में किताब में खुलासा हुआ है कि भारतीय पायलट अभिनंदन के पकड़ने के बाद भारत की 9 मिसाइलों का मुंह पाकिस्तान की ओर हो गया था। जिसके बाद पाकिस्तानी सेना के हाथ पैर फूल गए थे।

श्रेष्ठ कार्य के लिए जीवन समर्पित करना सीखें: धनखड़

फरीदाबाद की आवाज

फरीदाबाद। जीवन मे अपना श्रेष्ठ दें और दूसरों से श्रेष्ठ लें। श्रेष्ठ कार्य के लिए जीवन समर्पित करना सीखें। जीवन चिंता मुक्त रहेगा और नशे जैसी कुरीतियों से छुटकारा मिलेगा। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने फरीदाबाद में ब्रह्माकुमारीज द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान की लॉचिंग पर सकारात्मक सोच द्वारा तनाव मुक्त जीवन विषय पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपना संबोधन देते हुए यह बात कही। उन्होंने सकारात्मक सोच द्वारा तनाव मुक्त जीवन जैसे संजीदा विषय पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए ब्रह्माकुमारीज को बधाई दी।

धनखड़ ने कहा कि व्यक्ति को विचार प्रबंधन आना चाहिए और अपने हर विचार पर विश्वास नही करना चाहिए। अपने विचार के साथ जागृत रहना चाहिए। जीवन मे तनाव, गुस्सा, चिंता, डर का भी महत्व है। इसकी मात्रा क्या हो, किस विषय पर हो। यह विचारणीय है। काम की सफलता के लिए चिंता जरुरी है। बिना चिंता के कार्य कैसे पूरा होगा। चिंता करना व्यक्ति के विचारों पर भी निर्भर करता है। इस आयोजन को लेकर चिंता भी कर सकता हूं और आनंद भी ले सकता हूँ। माहौल एक

जैसा है। इसलिए कहा गया है जैसा ख्याल वैसा हाल। आपकी जैसी मति वैसी गति। अंत गति सो मति। नुकसान का डर होना चाहिए। गुस्सा आना और गुस्सा करना अलग अलग हैं। गुस्सा आना अनियंत्रित है और गुस्सा करना नियंत्रित है। गुस्सा, डर, चिंता आदि की प्रकृति और मात्रा कितनी है। अनियंत्रित गुस्से में निर्णय लेना गलत है।

भाजपा राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि व्यक्ति को जीवन में अपने विचारों और भावनाओं का प्रबंधन आना चाहिए। जीवन में अपने लिए नहीं, दूसरों के लिए इमोशनल होना चाहिए। धनखड़ ने कहा कि आज नैतिक मूल्यों की बदौलत ही भारत की साख दुनिया में बढ़ रही है। भारतीय नैतिक मूल्यों को स्थापित करने के लिए हमारे पूर्वजों, संतों, ऋषियों और महापुरुषों ने त्याग और बलिदान दिया है।

धनखड़ ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज इसी दिशा में अच्छे विचारों और संस्कारों को आगे बढ़ाने के लिए श्रेष्ठ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने इस श्रेष्ठ कार्य में सहयोगी सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जीवन मे जो व्यक्ति सीखना बंद कर देता है , वही से उसका अंत शुरू हो जाता है। जीवनभर सीखते रहना चाहिए। सीखने और सुनने से बुद्धिमत्ता आती है। पूर्ण जानकारी के साथ कार्य करने की आदत भी जरूरी है। इस अवसर पर विधायक राजेश नगर, पूर्व प्रदेश महामंत्री संदीप जोशी, जिला अध्यक्ष राजकुमार बोहरा, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा सहित ब्रह्माकुमारीज से गणमान्य जन मौजूद रहे।

सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का आमजन को मिला लाभ : कृष्ण पाल गुर्जर

फरीदाबाद की आवाज

फरीदाबाद। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि 2047 में देश विकसित होकर रहेगा, इस विचार को लेकर चलना है और यह तभी संभव होगा जब हम सब मिलकर इसके लिए सहयोग करेंगे। केंद्रीय राज्य मंत्री ने शनिवार को गांव नवादा और गांव बडखल, नियर दिल्ली वाली मस्जिद के निकट विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर उनके साथ मुख्य रूप से भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री प्रवीण चौधरी मौजूद रहे। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में देश में वेंडर स्कीम के तहत रेडी फड़ी वालों को दस हजार से लेकर के 50 हजार तक का की धनराशि बिना ब्याज के दी जा रही है। आयुष्मान योजना के तहत देश में पांच लाख रुपये की धनराशि तक का सालाना इलाज गरीब परिवारों का किया जा रहा है। वहीं प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चिरायु योजना को आयुष्मान योजना के साथ जोडक़र गरीब परिवारों की आय 180000 रुपए की है। प्रदेश में 39 लाख परिवारों के पीले कार्ड बनाए गए हैं। है। देश के 11 करोड़ किसानों को 6000 सालाना सीधा खाते में जा रहा है। वहीं 5 लाख परिवारों को कोविड के टाइम में फ्री में महिलाओं को सहायता का काम किया। कश्मीर में धारा 370 हटाना, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण कराना और तीन तलाक पर कानून बनवाना साथ ही काशी, उज्जैन मंदिरो की कॉरिडोर का निर्माण, सोमनाथ, केदारनाथ, बद्रिनाथ जैसे धार्मिक तीर्थ स्थलों को भारतमाला योजना के

माध्यम से हाईवे जोडऩा यह बहुत ही बड़े कार्य हैं हमारी सरकार ने एक विचारधारा के रूप में कार्य किए हैं। उन्होंने कहाकि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यमसे 11 करोड़ महिलाओं को मुफ्त में गैस के कनेक्शन दिए हैं और करोड़ों लोगों को मुफ्त में अनाज देने का काम मोदी की गारंटी वाली सरकार ने किया है। मोदी सरकार गरीबों और वंचितों के विकास के लिए हमेशा प्रयत्नशील है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने इस मौके पर सभी को भारत देश को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने की शपथ दिलवाई। सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की भजन पार्टी द्वारा सरकार की हिदायतों के अनुसार सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं की जानकारी गीतों के जरिये बेहतर प्रस्तुति दी। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने इस दौरान विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का अवलोकन भी किया।

मिशन जागृति महिला शाखा के द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता एवं योग सिखाया गया

फरीदाबाद की आवाज

फरीदाबाद। फरीदाबाद मे महिला एवम बाल विकास विभाग , हरियाणा द्वारा संचालित निरीक्षण ग्रह , बाल सुधार गृह में मिशन जागृति महिला शाखा के द्वारा बच्चो कि मनोदशा को समझने एवम उनमें विश्वास जताने के लिए मिशन जागृति महिला शाखा के द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता एवं योग सिखाया गया । इस मौके पर इंचार्ज प्रमोद शर्मा ने सभी को बाल सुधार ग्रह के बारे में और बच्चों के बारे में टीम को जानकारी दी । मिशन जागृति की जिला अध्यक्ष लता सिंगला ने बताया कि हमारा प्रयास रहता है कि बच्चों को सक्षम और समर्थ बनाया जाए बाल सुधार ग्रह के बहुत सारे बच्चे काफी होनहार है उन्होंने बहुत अच्छी चित्रकला बना कर दिखाई । इस

अवसर पर मिशन जागृति महिला शाखा की योग सचिव अरुण चौधरी ने बच्चों को योग सिखाया और योग के फायदे भी बताएं । इस अवसर पर मिशन जागृति की भावना चौधरी प्रभा सोलंकी किरण ,अरुणा चौधरी, दीपा सहदेव, रेनू शर्मा ,गीता शर्मा संतोष अरोड़ा गर्वित अरोड़ा अनीता माहेश्वरी दिव्या अग्रवाल के साथ-साथ बाल सुधार ग्रह के बालकिशन अनूप सिंह ताराचंद देवेंद्र करण सिंह प्रेम प्रकाश एवं गोपाल शास्त्री उपस्थित रहे । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मिशन जागृति के जिला अध्यक्ष रविंद्र मलिक जिला महासचिव दिनेश राघव जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार त्यागी गोपाल शर्मा और दिगंबर सिंह ने भी बच्चों के साथ समय बिताया

स्वच्छता सर्वेक्षण में फरीदाबाद का पिछडऩा सरकार की बड़ी नाकामी-नितिन सिंगला

फरीदाबाद की आवाज

फरीदाबाद। फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सेक्टर-20 बी अजरौंदी गांव के लोग गंदगी और कूड़े के ढेरों में बेहाल है। शिकायतें करने के बावजूद यहां से कूड़े का उठान नहीं होता, जिसके चलते यहां बदबू का माहौल बना हुआ है और लोग बीमार हो रहे है। इसी मामले को लेकर लोगों ने आज सरकार व प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष नितिन सिंगला ने शामिल होकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। लोगों की समस्याएं सुनने के बाद नितिन सिंगला ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 में स्मार्ट सिटी फरीदाबाद को राष्ट्रीय स्तर पर मिले 381 स्थान तथा हरियाणा को मिले 19वें स्थान ने भाजपा सरकार की पोल खोलकर रख दी है। जो जिला पिछले साल इस सर्वेक्षण में 36वें स्थान पर

था, वह खिसककर 381 स्थान पर पहुंच गया और हरियाणा प्रदेश चौथे स्थान से खिसककर 19वें स्थान पर पहुंच गया। नितिन सिंगला ने कहा कि यह फरीदाबाद के लोगों के लिए दुर्भाग्य की बात है कि स्मार्ट सिटी का तगमा हासिल करने के बावजूद यह जिला स्वच्छता सर्वेक्षण में पिछड़ गया है और इसके लिए पूरी तरह से भाजपा सरकार और प्रशासन की लचर कार्यशैली है। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था पर करोड़ों रूपए खर्चने के बावजूद फरीदाबाद जिला पिछड़ गया, जबकि इस बड़े शहर की गिनती मेट्रो शहरों में होती है परंतु यह शहर केवल कागजों में स्मार्ट सिटी बना हुआ है, जबकि जमीनी स्तर पर हालात बद से बदतर है, जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए है, सडक़ें टूटी पड़ी है, जिसके चलते यहां प्रदूषण का स्तर बढ़ा रहता है और लोगों को परेशानियां पेश आती है। कहने को नगर निगम प्रशासन लोगों से विभिन्न मदों के माध्यम से टैक्स वसूलता है, लेकिन सफाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है, शिकायतें करने के बावजूद कूड़े का उठान नहीं होता और सडक़ों व गलियों में झाड़ू तक नहीं लगती। श्री सिंगला ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में फरीदाबाद के पिछडऩे से सरकार की कार्यशैली पर बड़ा सवालिया निशान लगा है और अगर सरकार व प्रशासन ने अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं किया तो हालात बद से बदतर हो जाएंगे इसलिए वह सरकार से मांग करते है कि शहर को साफ सुथरा बनाने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर लाला शर्मा, जिला महासचिव निशांत ठाकुर, नरेंद्र सैनी, सलीम खान, संजय कुमार सहित अनेकों ग्रामीण मौजूद थे।

भाजपा ज़िला कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया लोहड़ी उत्सव

फरीदाबाद की आवाज

फरीदाबाद। भाजपा ज़िला कार्यालय 'अटल कमल' पर पूरे जोश और हर्षोल्लास के साथ लोहड़ी के पर्व को मनाया गया। इस अवसर पर लोहड़ी जलाई गई और सुन्दरिये-मुंदरिए हो, तेरा कोन विचारा हो, दुल्ला भट्टी वाला हो,..जैसे पारंपरिक गीत-संगीत के साथ लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मुख्यमंत्री के राजनितिक सचिव अजय गौड़, वरिष्ठ भाजपा नेता टीपरचंद शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश रेक्सवाल और ज़िला महामंत्री आर. एन. सिंह मुख्य तौर पर उपस्थित रहे । कार्यकर्ताओं ने गीत-संगीत ढोल-नंगाड़ों की थाप पर जमकर भंगड़ा किया और मूंगफली, गज्जक रेवडी व मिठाई का लुत्फ़ उठाया। भाजपा नेताओं, ज़िला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं। लोहड़ी का त्यौहार मुख्यतः उतरी भारत के प्रदेशों हरियाणा, पंजाब, दिल्ली व हिमाचल प्रदेश आदि में पूरे उत्साह व उल्लास के साथ मनाया जाता है। लोहड़ी का पावन त्यौहार प्रायः शीतकालीन संक्रांति के अंत और रबी फसलों की कटाई का प्रतीक है ।

जिला भाजपा अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, अजय गौड़ और टीपरचंद शर्मा ने फ़रीदाबाद वासियों को लोहड़ी और मकर संक्रांति के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी और इस अवसर पर ज़िला अध्यक्ष वोहरा ने कहा कि लोहड़ी का पर्व हमें समाज में सद्भाव और प्रेम का पाठ सिखाता है। लोहड़ी के त्योहार को लोग मिल जुल कर मनाते हैं । लोहड़ी का पावन पर्व जीवन में नई उमंग, नई ऊर्जा व आपसी भाईचारे को बढ़ाने का काम करता है। उन्होंने कहा कि हमारे सभी त्योहारों को मिल जुलकर मनाना चाहिए, इससे सामाजिक समरसता,प्रेम और सद्भाव बढ़ता है ।

इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता ग्यासीराम शर्मा, जिला उपाध्यक्ष पंकज रामपाल, जिला सचिव हरेन्द्र भडाना, मुकेश अग्रवाल, पुनीता झा, भारती भाकुनी, प्रवीण चौधरी, जिला मिडिया प्रभारी विनोद गुप्ता,मनीष राघव, कार्यालय सचिव सचिन गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहनी,सचिन शर्मा,अजय डुडेजा,सचेत जैन, अजीत नंबरदार, सूरज, मुन्नालाल चौहान, सुनील, शारदा गर्ग, जितेन्द्र गर्ग, हंस नागर, सुदर्शन कुमार, बंसीलाल व राहुल रातरा,अशोक शर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक दिनेश शर्मा द्वारा स्वास्तिका क्रिएशन, 19 डीएसआईडीसी शेड, स्कीम-3, ओखला फेस-II, नई दिल्ली-110020 से मुद्रित करवाकर मुख्य कार्यालय 19 डीएसआईडीसी शेड, स्कीम-3, ओखला फेस-II, नई दिल्ली-110020 से प्रकाशित किया।
पीआरबी एक्ट के अंतर्गत रचनाओं के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्यायक्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। फोन : 011-26386221 मो. : 9810635211 DCP Licencing No. F.2 (F-10) Press/2017 RNI No. - DELHIN/2017/76338